नीति संहिता

# हमारा काम करने का तरीका

L'ORÉAL

चतुर्थ संस्करण



**L'Oréal मज़बूत मूल्यों और ठोस नैतिक सिद्धांतों के आधार पर बनाई गई थी। हमारे काम करने के तरीको में उनका समावेश होना ज़रूरी है।**

L'Oréal में, नैतिकता का निर्माण सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण विश्वास पर होता है। हमारी आचार संहिता हमारी पसंद को प्रेरित करती है और हमें बेहतर निर्णय लेने में मदद करती है। यह लगातार सामने आने वाली चुनौती है, लेकिन लगातार बेहतर होने का एक शानदार अवसर भी है।

नैतिक रूप से कार्य करने से हमारे सभी हितधारकों के बीच विश्वास पैदा होता है। विश्वास के बिना, L'Oréal का विकास ज़्यादा दिनों तक नहीं चल सकता।

हालांकि हमारी सत्यनिष्ठा की संस्कृति हमारे टिकाऊ होने की गारंटी है, लेकिन निदेशक मंडल की महत्वाकांक्षा, जिसे सभी साझा करते हैं, दुनिया की सबसे आदर्श कंपनियों में से एक बनकर रहना है।

**जीन-पॉल एगॉन (Jean-Paul Agon)**
**निदेशक मंडल अध्यक्ष**

## प्रस्तावना

**हमारी मज़बूत नैतिक संस्कृति L'Oréal के स्तंभों में से एक है और "दुनिया को आकर्षित करने वाली सुंदरता का निर्माण करने " के हमारे उद्देश्य की भावना से गहराई से जुड़ी हुई है। नीति संहिता हमारे नैतिक सिद्धांतों के आधार पर हमारी नेतृत्व संस्कृति का उदाहरण देती है। यह हमारा पथप्रदर्शक है, जो अप्रत्याशित अनिश्चितता से पूर्ण और परिवर्तनशील दुनिया में हमें सशक्त बनाता है और मार्गदर्शन भी प्रदान करता है, जहाँ हमें राह ढूंढना मुश्किल हो सकता है।**

हमारे नैतिकता कार्यक्रम को व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त है और इसकी वजह से हम दुनिया की अग्रणी कंपनियों में शामिल हैं। जिस दुनिया में हम काम करते हैं और हमारी टीम जिन नई चुनौतियों का सामना कर रही है, उन्हें प्रतिबिंबित करने के लिए हमने अपनी नीति संहिता को अपडेट किया है।

हमारी कार्यनीतिक प्राथमिकताओं और परिवर्तन में हमारी नीति संहिता और हमारे नैतिक सिद्धांतों का सम्मान हमारे परिचालन का लाइसेंस है। इसी वजह से जब हमारे कर्मचारी और भागीदार हमारी नैतिक प्रतिबद्धताओं के सम्मान के बारे में कोई शिकायत करना चाहेंगे, तो हम हमेशा उनका सहयोग करेंगे। L'Oréal की प्रतिष्ठा, हमारे हितधारकों का विश्वास और समाज का बड़ा वर्ग ईमानदारी से अपनी ज़िम्मेदारी निभाने की हमारी क्षमता पर भरोसा करता है।

कार्यकारी समिति के साथ मिलकर, मैं व्यक्तिगत रूप से इस संहिता का अक्षरश: और भाव सहित पालन करने के लिए व्यक्तिगत रूप से प्रतिबद्ध हूँ। ऐसा ही करने के लिए हम आप पर भरोसा करते हैं।



इसे अपनाओ और अपनाने के लिए प्रेरित करो।

**निकोलस हिएरोनिमस**
**(Nicolas Hieronimus)**
**CEO**




# हमारा काम करने का तरीका

**L'Oréal में, हम दुनिया को आकर्षित करने वाली सुंदरता का निर्माण करने का एक समान उद्देश्य साझा करते हैं। हमारा उद्देश्य, हमारा हर काम और हमारे काम करने का तरीका नैतिकता पर केंद्रित है।**

**जिस तरीके से हम कार्य करते हैं और एक व्यक्ति के रूप में और एक समूह के रूप में हम जो विकल्प चुनते हैं, वे हमें परिभाषित करते हैं और हमारे नैतिक सिद्धांतों के मूर्त रूप हैं।**

नैतिकता हमारा मार्गदर्शन करती है। इससे हमें महत्वपूर्ण सवालों के जवाब देने में मदद मिलती है, जैसे कि हम हमेशा क्या करेंगे या क्या कभी नहीं करेंगे। समाज में और समूह स्तर पर एक वैश्विक नागरिक के रूप में, हम जो भूमिका निभाते हैं, नैतिकता उसे ऊपर उठाती है। जब हमारा मार्गदर्शन करने के लिए कोई कानून नहीं होता है, जब स्थिति अस्पष्ट और अप्रत्याशित होती है, तब हम नैतिकता पर भरोसा करते हैं। केवल यह पूछने से कि "क्या करना सही है?", हमारा रुख स्पष्ट हो जाता है, और हम बेहतर निर्णय ले पाते हैं। हर बार।

# विषय सामग्री

## परिचय


| | |
|---|---|
| हमारे पास नीति संहिता क्यों है? | 06 |
| हमारी संहिता का उपयोग कैसे करें | 07 |
| हमारे नैतिक सिद्धांत | 08 |
| नैतिक निर्णय वृक्ष | 09 |
| मानवाधिकारों का सम्मान करना | 10 |
| आवाज उठाएं: नैतिक चिंता को कैसे व्यक्त करें | 11 |


## व्यवसाय के रूप में


| | |
|---|---|
| सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बनाना | 14 |
| सत्यनिष्ठा के साथ शोध और नवाचार करना | 16 |
| ज़िम्मेदारी से संचार करना | 18 |
| प्रौद्योगिकी के ज़िम्मेदारीपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देना | 20 |
| व्यक्तिगत डेटा को सावधानी से संभालना | 22 |
| गोपनीय जानकारी की सुरक्षा करना | 24 |
| हमारे व्यवसायिक भागीदारों के साथ मज़बूत संबंधों का निर्माण करना | 25 |
| हमारे प्रतिस्पर्धियों के साथ उचित व्यवहार करना | 27 |
| L'ORÉAL' की प्रतिष्ठा की रक्षा करना | 29 |
| कंपनी के संसाधनों का सही उपयोग सुनिश्चित करना | 31 |
| हितों के टकराव के बारे में खुलकर बात करना | 33 |
| भ्रष्टाचार से लड़ना | 34 |
| धोखाधड़ी और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों को रोकना | 35 |


## नियोक्ता के रूप में


| | |
|---|---|
| सही कार्य स्थितियां सुनिश्चित करना | 38 |
| नेतृत्वकर्ताओं और प्रबंधकों की भूमिका | 40 |
| विविधता, समानता और समावेशन (DE&I) को बढ़ावा देना | 42 |
| कार्यस्थल पर सम्मान सुनिश्चित करना | 44 |


## ज़िम्मेदार संगठन के रूप में


| | |
|---|---|
| ग्रहों की सीमाओं का सम्मान करना | 46 |
| एक बेहतर समाज के लिए योगदान देना | 48 |
| ज़िम्मेदार पैरवी को बढ़ावा देना | 49 |
| ज़िम्मेदार कर नागरिक बनना | 51 |

# परिचय

| | |
|---|---|
| **हमारे पास नीति संहिता क्यों है?** | **06** |
| **हमारी संहिता का उपयोग कैसे करें** | **07** |
| **हमारे नैतिक सिद्धांत** | **08** |
| **नैतिक निर्णय वृक्ष** | **09** |
| **मानवाधिकारों का सम्मान करना** | **10** |
| **आवाज उठाएं: नैतिक चिंता को कैसे व्यक्त करें** | **11** |

# हमारे पास नीति संहिता क्यों है?

**हमारी नीति संहिता हमारी दैनिक मार्गदर्शिका है। इससे हमें यह समझने में मदद मिलती है कि L'Oréal समुदाय के सदस्यों के रूप में हममें से प्रत्येक से क्या अपेक्षा की जाती है, और उन विषयों की पहचान होती है, जिनके लिए विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है, ताकि हम अपने अतृप्त नैतिक सिद्धांतों और अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा कर सकें।**

L'Oréal कई देशों में परिचालन करती है, प्रत्येक देश विविध प्रकार के सांस्कृतिक और कानूनी परिवेश वाले होते हैं। हमें एक व्यवसाय के रूप में और व्यक्तियों के रूप में, हमेशा उन देशों के कानूनों और विनियमों का सम्मान करना चाहिए, जिनमें L'Oréal परिचालन करती है। नीति संहिता से हमें यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि हम जहाँ कहीं भी परिचालन करते हैं, वहाँ पर हम समान नैतिक मानकों को लागू करें। ऐसे मौके भी हो सकते हैं, जब संहिता किसी देश विशेष के स्थानीय कानून या रीति-रिवाजों से अलग हो। अगर ऐसी स्थिति हो, जहाँ स्थानीय कानून या रीति-रिवाज संहिता में निर्धारित मानकों की तुलना में उच्च मानकों को लागू करते हैं, तो हमेशा स्थानीय कानून और रीति-रिवाज लागू होने चाहिए। जब स्थानीय कानूनों और हमारी नीति संहिता की अपेक्षाएं परस्पर विरोधी हों, तो हम हमेशा अपनी संहिता में निर्धारित मानकों का पालन करने के मार्ग तलाशेंगे, बशर्ते इसकी परिणामी गतिविधि अवैध न हो।

कोई भी दस्तावेज़ उत्पन्न होने वाली हर स्थिति का पूर्वानुमान और समाधान नहीं कर सकता है। अगले दशक में, हम शायद नई नैतिक दुविधाओं का सामना करेंगे। हम मानते हैं कि कुछ स्थितियों में निर्णय लेना आसान नहीं होता है। हमारी नीति संहिता समूह के लिए मानक निर्धारित करती है और ऐसे कई 'अवांछित क्षेत्रों' में मार्गदर्शन प्रदान करती है, जहाँ दृढ़ निर्णय की आवश्यकता होती है।

**प्रकट करना और परामर्श करना स्वर्णिम नियम है। कार्रवाई करने से पहले मामले पर अपने प्रबंधक, आंतरिक विशेषज्ञों या नैतिकता प्रतिनिधि से खुलकर चर्चा करें।** हमारा नैतिक निर्णय वृक्ष अप्रत्याशित स्थितियों से निपटने में भी मदद कर सकता है।

नीति संहिता दुनिया भर में L'Oréal समूह और इसकी सहायक कंपनियों के सभी कर्मचारियों पर लागू होती है। यह दुनिया भर में L'Oréal समूह और इसकी सहायक कंपनियों के सभी कॉर्पोरेट अधिकारियों और कार्यकारी और प्रबंधन समितियों के सदस्यों के साथ-साथ Fondation L'Oréal के सभी कर्मचारियों और कॉर्पोरेट अधिकारियों पर भी लागू होता है। इस संहिता के उल्लंघन के मामले में, L'Oréal इस स्थिति में उचित समझी जाने वाली कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

हम सक्रिय रूप से उन व्यवसायिक साझेदारों की तलाश करते हैं और उनका समर्थन करते हैं, जो मानवाधिकारों, काम करने की स्थिति, पर्यावरणीय प्रबंधन और व्यवसायिक सत्यनिष्ठा के संबंध में इस संहिता में वर्णित हमारे नैतिक मानकों को साझा करते हैं। हम इन मानकों को पूरा करने में भागीदारों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, आवश्यकता होने पर उनके साथ संबंध समाप्त करने का साहस रखते हैं, जो इन मानकों पूरा करने के लिए तैयार नहीं होते हैं।

**इस संहिता में निर्धारित मानक वैकल्पिक ऐच्छि क नहीं हैं: हमें उनका सम्मान करना चाहिए।**

हम मिसाल कायम करते हैं: L'Oréal की प्रतिष्ठा और हमारे हितधारकों का विश्वास हममें से प्रत्येक पर निर्भर करता है।

हमारा मूल्यांकन न केवल इस बात पर होता है कि हम क्या करते हैं बल्कि इस बात पर भी होता है कि हम इसे कैसे करते हैं।



**परिचय**
नैतिक सिद्धांत
मानवाधिकार
आवाज उठाएं

व्यवसाय के रूप में

नियोक्ता के रूप में

ज़िम्मेदार संगठन के रूप में

संपर्क

# हमारी संहिता का उपयोग कैसे करें

**संहिता को तीन अनुभागों में विभाजित किया गया है, प्रत्येक अनुभाग में कई अध्याय हैं।**

## व्यवसाय
## नियोक्ता
## ज़िम्मेदार संगठन

प्रत्येक अध्याय यह निर्दिष्ट करता है कि हम क्या करेंगे और क्या नहीं करेंगे। उदाहरण के लिए:

**हम ऐसा करेंगे**

✓ हमारे उत्पादों और अवयवों के बारे में स्पष्ट जानकारी प्रदान करना।

**हम ऐसा नहीं करेंगे**

✗ ऐसा कोई भी उत्पाद बाजार में रखना, जो हमारे उच्च सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों का सम्मान नहीं करता हो।

**अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न** प्रत्येक अध्याय में, आपको इस बारे में कुछ प्रश्नोत्तर, यथार्थपूर्ण चित्रण मिलेंगे कि हम दैनिक स्थितियों में अपनी प्रतिबद्धताओं को कैसे लागू करते हैं।

इसके अतिरिक्त, आपको इस बात के प्रमाण बिंदु मिलेंगे कि L'Oréal किस प्रकार नैतिकता को क्रियान्वित करता है और ऐसे तरीके मिलेंगे, जिसमें आप उपयोगी संसाधनों और संपर्क सूत्रों के साथ ऐसा कर सकते हैं।

## आचरण में नैतिकता

## आप कैसे काम कर सकते हैं?

**अगर नैतिकता के बारे में आपके कोई प्रश्न हैं, तो दुनिया भर में हमारे नैतिकता संवाददाताओं का नेटवर्क आपके लिए संसाधन है।** उनकी भूमिका स्थानीय टीमों और विशेषज्ञों को जुटाना, सलाह देना और समन्वय करना है। उनके पास मुख्य नैतिकता, जोखिम और अनुपालन अधिकारी को सीधे कार्यात्मक रिपोर्टिंग लाइन है।

क्योंकि दुनिया तेज़ी से बदलती है, हमें नीति संहिता को नियमित तौर पर अपडेट करने की आवश्यकता है। जब भी उचित समझा जाए, संहिता में किसी भी समय संशोधन किया जा सकता है।

संहिता का अंग्रेज़ी संस्करण संदर्भ दस्तावेज़ है। संहिता लिखित और ऑडियो प्रारूप में अंग्रेज़ी और फ्रेंच में उपलब्ध है। अतिरिक्त स्थानीय अनुवाद उपलब्ध हैं। यह L'Oréal की कॉर्पोरेट वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है।

संहिता का उद्देश्य हमारी सभी आंतरिक नीतियों और मानकों के लिए एक रूपरेखा प्रदान करना है। विशेष रूप से, विशिष्ट विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए नैतिक नीतियां और आंतरिक नियंत्रण के मूल सिद्धांत उपलब्ध हैं।

परिचय
नैतिक सिद्धांत
मानवाधिकार
आवाज उठाएं

व्यवसाय के रूप में

नियोक्ता के रूप में

ज़िम्मेदार संगठन के रूप में

संपर्क

# हमारे नैतिक सिद्धांत

हमारे नैतिक सिद्धांत लोगों को यह दिखाते हैं कि वे हमसे क्या उम्मीद कर सकते हैं और हमारी प्रतिबद्धताओं और ज़िम्मेदारियों का मार्गदर्शन करते हैं। वे एक भरोसेमंद और सम्मानित नैतिक व्यवसाय के रूप म हमारी प्रतिष्ठा में योगदान करते हैं, और साथ में, वे दुनिया को आकर्षित करने वाली सुंदरता बनाने की हमारी साझा इच्छा को रेखांकित करते हैं।

## सत्यनिष्ठा

क्योंकि विश्वास और अच्छे संबंधों को बनाने और बनाए रखने के लिए सत्यनिष्ठा के साथ कार्य करना ज़रूरी है।

## सम्मान

क्योंकि हम अपने हितधारकों पर सकारात्मक प्रभाव डालने का प्रयास करते हैं।

L'ORÉAL GROUPE

## साहस

क्योंकि नैतिक प्रश्न शायद ही कभी आसान होते हैं, लेकिन उन्हें संबोधित करने की ज़रूरत होती है।

## पारदर्शिता

क्योंकि हमें हमेशा ईमानदार रहना चाहिए और अपने कार्यों को न्यायोचित ठहराना चाहिए।

परिचय
नैतिक सिद्धांत
मानवाधिकार
आवाज उठाएं
व्यवसाय के रूप में
नियोक्ता के रूप में
ज़िम्मेदार संगठन के रूप में
संपर्क

# नैतिक निर्णय वृक्ष

क्या आप किसी स्थिति का सामना कर रहे हैं और सुनिश्चित नहीं हैं कि आपको कौन-सा निर्णय लेना चाहिए?

इस नैतिक निर्णय वृक्ष से हमारी नीति संहिता, आंतरिक नीतियों और नैतिक सिद्धांतों के अनुसार सही दृष्टिकोण का पता लगाने में आपको मदद मिल सकती है।

किसी भी स्थिति में, आपके सभी कार्य और निर्णय आपके स्थानीय कानूनों और विनियमों के अनुसार होने चाहिए।

**अपनी कानूनी टीम मदद से जाँचें कि क्या यह कानूनी है**

अगर यह कानूनी नहीं है, **तो ऐसा न करें**

**क्या आपको जो निर्णय लेना है, वह नीति संहिता और/या आंतरिक नीतियों के अनुरूप है?**

✕ **नहीं:** ऐसा न करें

✓ **हाँ:** आगे बढ़ें

**स्थिति न तो नीति संहिता और न ही किसी आंतरिक नीतियों के दायरे में आती है**

**हमारे नैतिक सिद्धांतों से इन स्थितियों से निपटने में आपको मदद मिल सकती है। अपने आप से पूछें:**

## सत्यनिष्ठा

क्या आप बिना किसी अपवाद के सही कार्य कर रहे हैं?

क्या इससे हमारे भागीदारों या उपभोक्ताओं के विश्वास पर असर पड़ेगा?

## सम्मान

क्या आप दूसरों के साथ वैसा ही व्यवहार कर रहे हैं, जैसा आप अपने लिए चाहते हैं?

क्या इससे लोगों या ग्रह पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा?

## पारदर्शिता

क्या आप यह सब इंटरनेट पर देखना चाहेंगे?

क्या आप आसानी से अपने निर्णय को न्यायोचित ठहरा पाएंगे?

## साहस

क्या आप हमारे कार्य करने के तरीके का समर्थन करते हैं?

क्या आज से सालों बाद इसे उचित माना जाएगा?

**नैतिक प्रश्न आसान नहीं होते हैं, लेकिन उन्हें संबोधित किया जाना चाहिए। आप अकेले नहीं हैं!**

अपने प्रबंधक या नैतिकता संपर्कसूत्र के साथ स्थिति पर खुलकर चर्चा करें।

# मानवाधिकारों का सम्मान करना

## हम जहाँ भी काम करते हैं, वहा मानवाधिकारों का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मानवाधिकारों के लिए हमारा सम्मान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सभी मानवाधिकार मानकों पर आधारित है, विशेष रूप से मानवाधिकारों का अंतर्राष्ट्रीय विधेयक (1948 मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा और दो प्रसंविदाएं), व्यवसाय और मानव अधिकार पर और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के कोर कन्वेंशन पर 2011 के संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शक सिद्धांत।

### मानवाधिकार का क्या मतलब होता है

मानवाधिकार सभी के लिए प्रासंगिक हैं और हम सभी को दैनिक आधार पर प्रभावित करते हैं। L'Oréal अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सभी मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता के प्रति सम्मान को बढ़ावा देता है, जिसमें निम्न अधिकार शामिल हैं:

**भेदभाव न होने का**

**सभ्य नौकरी होने का**

**अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता**

**स्वास्थ्य**

**जीवन और सुरक्षा**

**निजता**

### हम मानवाधिकारों का सम्मान कैसे करते हैं

### हमारे प्रभावों को कम करना

L'Oréal मनुष्यों से बनी एक कंपनी है, जिसके कार्य और उत्पाद लोगों के साथ-साथ हमारे ग्रह को भी प्रभावित करते हैं। इस प्रकार, यह सुनिश्चित करना हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम अपनी गतिविधियों से उत्पन्न होने वाले नकारात्मक प्रभाव को कम करके और जहाँ संभव हो, वहाँ पर अपने सकारात्मक प्रभाव को विकसित करके मानवाधिकारों का सम्मान करें।

### मुद्दों का मानचित्रण और प्रबंधन

हमारा लक्ष्य हमारे अपने कार्यों और अपने भागीदारों के बीच मानवाधिकारों का सम्मान सुनिश्चित करना है, जिसके लिए हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि हम सबसे अधिक किसे और कैसे प्रभावित करते हैं (यानी कि मानवाधिकारों के लिए सम्यक तत्परता प्रक्रिया)। अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में हमारी मदद करने के लिए, हम अपने व्यवसाय के उन हिस्सों की पहचान करने और उन्हें संबोधित करने के लिए आंतरिक और बाहरी मानवाधिकार विशेषज्ञों के साथ काम करते हैं, जहाँ हम लोगों को सबसे अधिक प्रभावित करते हैं (यानी हमारे प्रमुख मानवाधिकार मुद्दे)।

### पारदर्शिता की संस्कृति का विकास करना

हम अपनी उपलब्धियों और चुनौतियों के बारे में पारदर्शी रहते हैं। हम सबसे कमजोर वर्ग सहित अपने हितधारकों को ऐसी किसी भी मानवाधिकार संबंधी चिंताओं या मुद्दों को उठाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, जो हमारी गतिविधियों के कारण, विभिन्न शिकायत प्रक्रियाओं के माध्यम से और विशेष रूप से हमारी आवाज उठाएं नीति के माध्यम से सामने आ सकते हैं। हम अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में मदद करने के लिए NGO के साथ सहभागिता करते हैं।

हम मानवाधिकार रक्षकों के वैध कार्यों को बाधित नहीं करते हैं या उनकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, संघ की स्वतंत्रता या शांतिपूर्ण सभा के अधिकार को प्रतिबंधित नहीं करते हैं, जिसमें वे भी शामिल हैं, जो उन मुद्दों पर सक्रिय रूप से अभियान चलाते हैं, जो हमारे व्यवसाय से जुड़े हो सकते हैं। हम इस नीति को अपने व्यवसायिक भागीदारों के साथ साझा करते हैं।

## आचरण में मानवाधिकार

हमारे कच्चे माल की सोर्सिंग करते समय, हम यह जाँच करते हैं कि क्या यह स्थानीय लोगों को प्रभावित कर सकता है और अगर ऐसा है, तो हम यह सुनिश्चित करते हैं कि उनके अधिकारों, विशेष रूप से मुक्त पूर्व सूचित सहमति सिद्धांत के अनुसार उनकी भूमि से संबंधित अधिकार और उनके पारंपरिक ज्ञान का सम्मान किया जाए।

हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि सभी कर्मचारियों को कम से कम उनकी बुनियादी ज़रूरतों को पूरा करने वाला आजीविका वेतन मिले और उसकी गणना सर्वोत्तम प्रक्रियाओं के अनुसार की जाए। 2030 तक, हमारे सामरिक आपूर्तिकर्ताओं के 100% कर्मचारियों को भी कम से कम एक आजीविका वेतन का भुगतान किया जाएगा।

## आप कैसे काम कर सकते हैं?

**नीति संहिता के कई अध्यायों से हमें यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि हम अपनी मानवाधिकार प्रतिबद्धताओं का सम्मान करते हैं, यानी सुरक्षित गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बनाना, ज़िम्मेदारी से संचार करना, व्यक्तिगत डेटा को सावधानी से संभालना, हमारे व्यवसायिक भागीदारों के साथ मज़बूत संबंधों का निर्माण करना, सही कार्य स्थितियां सुनिश्चित करना, विविधता, समानता और समावेशन को बढ़ावा देना, कार्यस्थल पर सम्मान सुनिश्चित करना, ग्रहों की सीमाओं का सम्मान करना और एक बेहतर समाज के लिए योगदान देना।**

हमारी समूह मानवाधिकार नीति और कर्मचारी मानवाधिकार नीति पढ़ें।

कुछ ऐसे दिलचस्प संदर्भ दस्तावेज़, जिन्हें आप पढ़ना चाहेंगे, वे निम्नलिखित हैं:

स्वदेशी लोगों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र का घोषणापत्र

जैविक विविधता और पहुंच और लाभ साझा करने पर नागोया प्रोटोकॉल पर सम्मेलन

मानवाधिकार रक्षकों पर संयुक्त राष्ट्र की घोषणा।

# आवाज उठाएं: नैतिक चिंता को कैसे व्यक्त करें

## हम बोलते हैं। हम प्रगति करते हैं

नैतिक कदाचार की तुरंत पहचान करने में सक्षम होना यह सुनिश्चित करने के लिए ज़रूरी है कि हम अपनी सभी गतिविधियों और भौगोलिक क्षेत्रों में अपनी नीति संहिता और अपने नैतिक सिद्धांतों पर खरा उतरें।

हम ऐसी खुलेपन की ऐसी संस्कृति को प्रोत्साहित करते हैं, जहाँ कर्मचारी और हमारे बाहरी हितधारक अपनी चिंताओं को व्यक्त कर सकें। यह सुनिश्चित करना ज़रूरी है कि सभी चिंताओं को सुसंगत और विस्तृत तथ्यों द्वारा समर्थित किया जाए।

हम मानते हैं कि आवाज़ उठाना हमेशा आसान नहीं होता है और धमकी भरा हो सकता है। हमारे पास दो चैनल हैं, जो भरोसेमंद हैं और व्हिसलब्लोइंग की सर्वोत्तम प्रक्रियाओं के अनुरूप हैं। आप हमारी सुरक्षित वेबसाइट www.lorealspeakup.com के माध्यम से सामान्य प्रबंधन चैनलों (नैतिकता संवाददाता, समूह, क्षेत्र या देश समिति के सदस्यों) या सीधे वैश्विक नैतिकता, जोखिम और अनुपालन विभाग के माध्यम से अपनी नैतिक चिंता को व्यक्त कर सकते हैं। एक नैतिक नेतृत्वकर्ता बनने का लक्ष्य रखते हुए, जिन देशों में हम परिचालन करते हैं, वहाँ राष्ट्रीय कानूनों द्वारा जो भी सुरक्षा प्रदान की जाती है, उसके अलावा हमने स्पष्ट दिशानिर्देश प्रदान करते हुए एक वैश्विक रूपरेखा तैयार की है।

हमारा आवाज उठाएं कार्यक्रम L'Oréal के आंतरिक और बाहरी हितधारकों को किसी भी गंभीर नैतिक चिंताओं को उठाने में सक्षम बनाता है, ताकि समूह और वैश्विक नैतिकता विभाग उन्हें संबोधित कर सकें। आवाज़ उठाने से हमें ज़रूरत पड़ने पर चीजों को ठीक करने का मौका मिलता है और यह सुनिश्चित होता है कि हम अपनी ज़िम्मेदारियों को निभाते हैं।

किसी भी संदेह के मामले में आवाज़ उठाने में संकोच न करें: आपको यह नहीं मान लेना चाहिए कि आपकी चिंताएं संगठन में सही स्तर पर सबको पता होती हैं। अगर हमारी **आवाज उठाएं** नीति के अनुसार, आपकी चिंता स्वीकार्य नहीं है, तो हम हमेशा आपकी पहचान की गोपनीयता का सम्मान करते हुए, आपकी पूर्व सहमति से आपको उपयुक्त विभाग में भेज देंगे।

## आवाज उठाएं के संबंध में दिशानिर्देश

### गोपनीयता
गोपनीयता यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि आप अपनी चिंताओं को व्यक्त करने के लिए सुरक्षित महसूस करें। इसीलिए, आवाज उठाएं से संबंधित सभी रिपोर्ट को सख्त रूप से केवल 'जानने की आवश्यकता' के आधार पर, मामले को संभालने म शामिल व्यक्तियों के साथ साझा की जाती हैं।

अगर कोई पिछली या चल रही जाँच के संबंध में गोपनीय जानकारी साझा करता है, तो कृपया सीधे अपने नैतिक प्रतिनिधि या वैश्विक नैतिकता विभाग से संपर्क करें। अगर आप चाहें, तो हमारी सार्वजनिक सुरक्षित वेबसाइट के माध्यम से गुमनाम रूप से रिपोर्ट की जा सकती हैं: www.lorealspeakup.com.

सभी जांचों को एक एन्क्रिप्टेड प्लेटफ़ॉर्म पर होस्ट किए गए समर्पित सिस्टम पर प्रबंधित किया जाता है, जिससे कि जाँच से संबंधित पूरी जानकारी सुरक्षित रहे।

### समान रूप से व्यवहार
सभी आवाज उठाएं रिपोर्ट की समीक्षा की जाती है और आवश्यकता होने पर इसमें शामिल व्यक्ति के वरिष्ठता स्तर या आंतरिक या बाहरी हितधारक होने पर ध्यान दिए बिना सुधारात्मक उपाय किए जाते हैं। निष्कर्ष केवल तथ्यों और जाँच के दौरान एकत्रित ठोस जानकारी पर आधारित होते हैं।

### संरक्षण
आवाज उठाएं रिपोर्ट बनाने वाले या जाँच में शामिल होने वाले कर्मचारियों या बाहरी हितधारकों को अपनी चिंताओं को नेकनीयती से साझा करने के लिए कभी भी प्रतिबंधित नहीं किया जाना चाहिए। अन्यायपूर्ण तरीके से आरोपित किए गए लोगों की प्रतिष्ठा की भी रक्षा की जाती है और बदनीयती से की गई आवाज उठाएं रिपोर्ट पर प्रतिबंध लग सकते हैं। आवाज़ उठाने के बाद प्रतिशोध की स्थिति में, कृपया सीधे वैश्विक नीति विभाग से संपर्क करें या आवाज उठाएं प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करें।

### जवाबदेही
वैश्विक नैतिकता विभाग और नैतिकता संवाददाता आवाज उठाएं की सभी जाँचों की निगरानी करते हैं। शीर्ष प्रबंधन से संबंधित किसी भी शिकायत को समूह के मुख्य नैतिक अधिकारी सीधे संभालते हैं।

SPEAK UP
We speak. We progress

परिचय
नैतिक सिद्धांत
मानवाधिकार
आवाज उठाएं

व्यवसाय के रूप में

नियोक्ता के रूप में

ज़िम्मेदार संगठन के रूप में

संपर्क

# आचरण में आवाज उठाएं रिपोर्ट

चरण 1

**प्राप्ति**

कोई समस्या मिलने के बाद, आमतौर पर अतिरिक्त जानकारी एकत्र करने के लिए आवाज उठाएं रिपोर्ट करने वाले व्यक्ति से संपर्क किया जाएगा।

चरण 2

**स्वीकार्यता का मूल्यांकन**

रिपोर्टर से प्राप्त जानकारी के आधार पर, नैतिकता संवाददाता या वैश्विक नैतिकता विभाग यह मूल्यांकन करता है कि आरोप आवाज उठाएं नीति के दायरे में आते हैं या नहीं।

चरण 3

**जाँच**

साक्षात्कार, गवाहों और दस्तावेज़ीकरण के माध्यम से एकत्र किए जा सकने वाले साक्ष्यों के आधार पर तथ्यों की वास्तविकता का मूल्यांकन करने के लिए जाँच की ज़रूरत होती है। जटिलता के आधार पर कोई जांच कई महीनों तक चल सकती है

चरण 4

**जाँच रिपोर्ट और उपचारात्मक कार्रवाइयां**

वैश्विक नैतिकता विभाग, मानव संबंध और प्रबंधन के बीच साझा की गई रिपोर्ट के आधार पर, इसमें शामिल प्रासंगिक लोगों को विशिष्ट निष्कर्ष बताए जाते हैं। प्रबंधन और मानव संबंधों द्वारा उचित उपचारात्मक कार्रवाइयां की जाती हैं, जिनमें व्यक्तिगत प्रतिबंध शामिल हो सकते हैं।

चरण 5

**फ़ॉलो-अप**

आवश्यकता होने पर जाँच के बाद रिपोर्ट करने वाले से संपर्क किया जाएगा, जिससे कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आवाज़ उठाने के कारण उन्हें किसी नकारात्मक परिणाम का सामना तो नहीं करना पड़ रहा है।

## आचरण में नैतिकता

आप यहाँ सीधे www.lorealspeakup.com पर जा सकते हैं।

SPEAK UP
We speak. We progress

L'Oréal आवाज उठाएं प्लेटफ़ॉर्म तक पहुंचने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

## आप कैसे काम कर सकते हैं?

अपने नैतिकता संवाददाता से संपर्क करें और आवाज उठाएं नीति पढ़ें।

## अपनी प्रतिबद्धताओं पर खरा उतरने वाला

# व्यवसाय


| | |
|---|---|
| सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बनाना | 14 |
| सत्यनिष्ठा के साथ शोध और नवाचार करना | 16 |
| ज़िम्मेदारी से संचार करना | 18 |
| प्रौद्योगिकी के ज़िम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देना | 20 |
| व्यक्तिगत डेटा को सावधानी से संभालना | 22 |
| गोपनीय जानकारी की सुरक्षा करना | 24 |
| हमारे व्यवसायिक भागीदारों के साथ मज़बूत संबंधों का निर्माण करना | 25 |
| हमारे प्रतिस्पर्धियों के साथ उचित व्यवहार करना | 27 |
| L'ORÉAL' की प्रतिष्ठा की रक्षा करना | 29 |
| कंपनी के संसाधनों का सही उपयोग सुनिश्चित करना | 31 |
| हितों के टकराव के बारे में खुलकर बात करना | 33 |
| भ्रष्टाचार से लड़ना | 34 |
| धोखाधड़ी और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों को रोकना | 35 |

# सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बनाना

हम हर जगह और हमेशा अपने उत्पादों की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शुरुआत से ही, लोगों के लिए अपने बालों को सुरक्षित रूप से डाई करने का तरीका खोजने से लेकर L'Oréal के लिए नवाचार और नैतिकता महत्वपूर्ण रही है। उत्पाद सुरक्षा और गुणवत्ता हमेशा सर्वोपरि होती है और यह हमारे उपभोक्ताओं के विश्वास का पहला पायदान रहा है। हमने 1989 में जानवरों पर अपने उत्पादों का परीक्षण करना बंद कर दिया और वैकल्पिक तरीकों के विकास और उसकी स्वीकृति में योगदान करते हुए अपने उद्योग में इस प्रथा को समाप्त करने का प्रयास किया।

## हम ऐसा करेंगे

- ✓ अपने उत्पादों और अवयवों के बारे में स्पष्ट जानकारी प्रदान करेंगे।
- ✓ यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे उप-ठेकेदार और आपूर्तिकर्ता हमारी सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों का सम्मान करते हों।
- ✓ अगर हमें किसी उत्पाद की सुरक्षा या गुणवत्ता के मुद्दे के बारे में पता चलता है, तो कार्रवाई करेंगे या आवाज़ उठाएंगे।

## हम ऐसा नहीं करेंगे

- ✗ ऐसा कोई भी उत्पाद बाजार में नहीं रखेंगे, जो हमारे उच्च सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों का सम्मान नहीं करते हों।
- ✗ तेज़ उत्पाद विकास के लाभ के लिए हमारी वैज्ञानिक सत्यनिष्ठा को नहीं छोड़ेंगे या मूल्यांकन और परीक्षण के परिणामों को प्रभावित या संशोधित नहीं करेंगे।



परिचय
नैतिक सिद्धांत
मानवाधिकार
आवाज उठाएं

व्यवसाय के रूप में

नियोक्ता के रूप में

ज़िम्मेदार संगठन के रूप में

संपर्क

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

### हम विवाद वाले अवयव के साथ क्या करते हैं?

सुरक्षा हमारे उपभोक्ताओं के प्रति हमारा पहला कर्तव्य है। हम चाहते हैं कि वे हमारे उत्पादों का उपयोग पूरे भरोसे के साथ करें, इस बारे में सुरक्षित रहें कि प्रत्येक अवयव को कठोर प्रणालियों की मदद से सावधानीपूर्वक चुना गया है और पूरी तरह से जाँचा गया है, जिससे हमें अपनी विकास प्रक्रिया के हर चरण की निगरानी करने की सुविधा मिलती है।

हम विशेष रूप से अपने प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से अपने उत्पादों के अंदर उपयोग की जाने वाली सामग्री के बारे में पारदर्शी हैं । जब किसी अवयव की सुरक्षा या पर्यावरणीय प्रभाव के बारे में कोई बहस होती है, तो हम इसकी बारीकी से निगरानी करते हैं और आगे की जाँच के लिए अपने हितधारकों के साथ मिलकर काम करते हैं। अगर कोई प्रमाणित या अत्यधिक संदिग्ध जोखिम होता है, तो हम इसका उपयोग करना बंद कर देंगे, चाहे इसकी कीमत जो भी हो।

### हम कैसे सुनिश्चित करें कि हमारे नए अधिग्रहण या उप-ठेकेदार वास्तव में हमारे मानकों का सम्मान करते हैं?

जब हम किसी नए ब्रांड या संयंत्र का अधिग्रहण करते हैं या जब हम अपने विनिर्माण को उपठेके पर देते हैं, तो हमेशा एक समीक्षा होती है और आवश्यकता होने पर यह सुनिश्चित करने के लिए एक कार्य योजना तैयार की जाती है कि संयंत्र या उपठेकेदार हमारी गुणवत्ता और नैतिक मानकों को जल्द से जल्द अपनाएं। आवश्यकता होने पर हम उपठेकेदारों को बदल भी सकते हैं।

### लोग अभी भी यह क्यों मानते हैं कि हम अपने उत्पादों का जानवरों पर परीक्षण करते हैं?

हम दशकों से वैकल्पिक तरीकों में सबसे आगे रहे हैं और हमने जानवरों पर उत्पादों का परीक्षण बंद करना अनिवार्य होने के 14 साल पहले 1989 में ही इसे पूरी तरह से बंद कर दिया था। दुर्भाग्य से, कुछ देशों में कुछ स्वास्थ्य या उपभोक्ता प्राधिकरण खुद ही जानवरों पर परीक्षण करने का निर्णय ले सकते हैं। इससे कभी-कभी स्थिति को समझना मुश्किल हो सकता है। हमें वैकल्पिक तरीकों को बढ़ावा देने वाली सबसे सक्रिय कंपनियों में शामिल होने पर गर्व है।

## आचरण में नैतिकता

प्रत्येक L'Oréal उत्पाद को बाजार में लाने से पहले उन्हें लगभग 100 गुणवत्ता नियंत्रणों से गुजारना पड़ता है।

## आप कैसे काम कर सकते हैं?

हमारी मानवाधिकार नीति और हमारी नैतिक मार्गदर्शिका, हमारा वैज्ञानिक और स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के साथ काम करने का तरीका, हमारा कॉस्मेटिक भविष्य सूचक मूल्यांकन करने का तरीका और हमारा स्वयंसेवकों या उपभोक्ताओं को शामिल करते हुए कॉस्मेटिक अध्ययन करने का तरीका पढ़ें। हमारे उत्पादों के अंदर की साइट में भी उपयोगी जानकारी मौजूद है।

उत्पाद सुरक्षा और गुणवत्ता के बारे में ऐसी विशिष्ट नीतियां हो सकती हैं, जो आपकी गतिविधि या आपकी संस्था पर लागू होती हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने गुणवत्ता निदेशक या वैज्ञानिक निदेशक से संपर्क करें।

## सत्यनिष्ठा के साथ शोध और नवाचार करना

हम अपनी वैज्ञानिक परियोजनाओं की गुणवत्ता और प्रासंगिकता, हमारे डेटा की निष्पक्षता, विश्वसनीयता और पुनरुत्पादनीयता और हमारे वैज्ञानिक संचार की पारदर्शिता और सत्यता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हमारे शोध और नवाचार गतिविधियों की नैतिकता और हमारे डेटा की सत्यनिष्ठा हमेशा सर्वोपरि रही है और यह इस बात की गारंटी है कि हम उपभोक्ताओं के लिए प्रभावी और अद्वितीय उत्पाद बनाते हैं। हमारी ज़िम्मेदार शोध, विज्ञान की प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता को बनाए रखना, हमारे उपभोक्ताओं के विश्वास की नींव है।

### हम ऐसा करेंगे

- ✓ लोगों के कल्याण, स्वास्थ्य, गोपनीयता और स्वतंत्रता को बनाए रखने के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों को बचाने के लिए लोगों, समाज और पर्यावरण के संबंध में हमारी परियोजनाओं के प्रभाव पर विचार करना।
- ✓ एल्गोरिथ्म का उपयोग करते हुए विशेष रूप से सतर्क रहना: आपका दृष्टिकोण होने वाले जोखिम के अनुपात में होना चाहिए, चाहे एल्गोरिथ्म का उपयोग कॉस्मेटिक सामग्री या सूत्र को डिज़ाइन या अनुकूलित करने के लिए किया जाए या उपभोक्ताओं क लिए सुझावों को वर्गीकृत करने या जारी करने के लिए किया जाए।
- ✓ अन्य वैज्ञानिकों के काम और विशेषज्ञता के संबंध में सम्मान और वफ़ादारी के साथ कार्य करना और बाहरी भागीदारों के साथ हमारी बातचीत में सम्मान रखना: वैज्ञानिक टीमें, सेवा प्रदाता, उपठेकेदार और आपूर्तिकर्ता।
- ✓ हमारे वैज्ञानिक संचार को उनके मूल्य और प्रकृति की परवाह किए बिना केवल वैज्ञानिक परिकल्पनाओं के निर्माण और उनके तथ्यात्मक सत्यापन के आधार पर करना।

### हम ऐसा नहीं करेंगे

- ✕ वर्तमान वैज्ञानिक समझ को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के संबंध में कोई जोखिम उठाना।
- ✕ तेज़ उत्पाद विकास के लाभ के लिए हमारी वैज्ञानिक सत्यनिष्ठा को छोड़ देना या मूल्यांकन और परीक्षण के परिणामों को प्रभावित करना या संशोधित करना।

## आचरण में नैतिकता

R&I कर्मचारियों से आने वाले प्रश्नों का समाधान करने के लिए L'Oréal को वैज्ञानिक नैतिकता सलाहकार समिति से सहायता मिलती है।

यह समिति वैज्ञानिक नैतिकता संदर्भों के एक आंतरिक नेटवर्क पर आधारित है।

## आप कैसे काम कर सकते हैं?

**हमारी नैतिक मार्गदर्शिका R&I की वैज्ञानिक सत्यनिष्ठा, हमारा वैज्ञानिक और स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के साथ काम करने का तरीका, हमारा कॉस्मेटिक भविष्य सूचक मूल्यांकन करते हैं और हमारा स्वयंसेवकों या उपभोक्ताओं को शामिल करते हुए कॉस्मेटिक अध्ययन करने का तरीका, हमारा आपूर्तिकर्ताओं के साथ काम करने का तरीका और भरोसेमंद AI के लिए सिद्धांत पढ़ें।** L'Oréal की नीतियों **ज़िम्मेदार उत्पाद संचार के लिए सतर्कता के 10 बिंदु और डेटा गोपनीयता और सोशल मीडिया के लिए सतर्कता के 10 बिंदु** में भी उपयोगी जानकारी शामिल हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने वैज्ञानिक निदेशक से संपर्क करें।

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**वैज्ञानिक सिद्धांतवाद को चुनौती देने के लिए हम 'अलग सोच' की मानसिकता कैसे बना सकते हैं?**

शोध में, सिद्धांतवाद पर सवाल उठाए जाते हैं। L'Oréal, और विशेष रूप से इसका R&I, स्वाभाविक रूप से नए विचारों के लिए खुला होता है।

वैज्ञानिक के तौर पर, जब हम वर्तमान कार्यक्रमों के विपरीत प्रस्ताव प्रस्तुत करते हैं, तो हमें यह आभास हो सकता है कि हम अवरुद्ध हैं। इस मामले में, हम अपने दृष्टिकोण का दस्तावेज़ीकरण करके शुरुआत करते हैं।

हम क्षेत्र में सहकर्मियों या विशेषज्ञों की राय पूछकर भी अपना तर्क तैयार करते हैं। फिर, हम वैज्ञानिक वाद-विवाद के ढांचे के भीतर अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करते हैं। यह बहस पूरी हो जाने के बाद, हम प्रबंधन दिशानिर्देशों का सम्मान करेंगे और हम अपनी नीति संहिता और मार्गदर्शिका **R&I की वैज्ञानिक सत्यनिष्ठा** का अनुपालन करते हुए परियोजना के वैज्ञानिक दिशानिर्देशों के चयन पर किए गए निर्णय का पालन करेंगे।

**अगर मुझे लगता है कि कुछ विरोधाभासी बाहरी वैज्ञानिक डेटा या प्रकाशन ऐसे हैं, जो मेरे अपने डेटा को अमान्य कर सकते हैं, तो मुझे क्या करना चाहिए?**

हमारे अपने निष्कर्षों का खंडन करने वाला डेटा वास्तव में साहित्यिक सामग्री में मौजूद हो सकता है। इन सबसे ऊपर, वैज्ञानिक के रूप में, हम सावधानीपूर्वक सत्यापित करेंगे कि हमारा अपना शोध कार्य पूर्व गुणवत्ता डेटा पर निर्भर करता है। हालांकि हम जानते हैं कि कुछ वैज्ञानिक परिणाम पुनः प्रदर्शित नहीं किए जा सकते, और इसमें पूर्वाग्रह शामिल होते हैं।

यदि कोई प्रकाशन हमारे निष्कर्षों के विपरीत होता है, तो हम इसे ध्यान में रखते हैं और क्रिटिकल थिंकिंग का प्रदर्शन करते हैं। इसके अलावा, असंगति के कारण को जानना ज़रूरी होता है। इसका कारण अध्ययन के प्रबंधन या निष्कर्षों की व्याख्या करने में हमारी त्रुटि हो सकती है, लेकिन ऐसा प्रकाशन में पूर्वाग्रहों के कारण भी हो सकता है।

**मेरे दृष्टिकोण से, कुछ मूल्यांकन अध्ययन डेटा स्पष्ट रूप से गलत हैं और/या परीक्षण किए गए उत्पाद के खिलाफ पूर्वाग्रह पैदा कर सकते हैं। मुझे क्या करना चाहिए?**

किसी भी डेटा सेट को बिना किसी बदलाव के संभालना होता है। किसी भी परिस्थिति में डेटा न तो गायब हो सकता है और न ही स्वेच्छा से हटाया जा सकता है क्योंकि इससे कठिनाई होती है। असामान्य माने जाने वाले डेटा को इस तरह पहचाना जाना चाहिए, और अध्ययन प्रबंधक के साथ समझौते में परिणाम प्रसंस्करण में उनके गैर-समावेशन को विधिवत न्यायोचित बनाया और ट्रैक किया जाना चाहिए।

परिचय
नैतिक सिद्धांत
मानवाधिकार
आवाज उठाएं

व्यवसाय के रूप में

नियोक्ता के रूप में

ज़िम्मेदार संगठन के रूप में

संपर्क


# ज़िम्मेदारी से संचार करना

पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा L'Oréal, इसके ब्रांड और उत्पादों के बारे में संचार करते समय ज़रूरी होते हैं। हम हमारे द्वारा पेश की जाने वाली सौंदर्य छवियों और दुनिया भर के लाखों लोगों के जीवन पर उनके प्रभाव के प्रति जागरूक रहते हैं। इसलिए हमें अपनी एजेंसियों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करने की ज़रूरत होती है कि यह प्रभाव हमेशा सकारात्मक हो और सुंदरता की ज़रूरतों और इच्छाओं की असीमित विविधता का सम्मान और प्रचार हो।

## हम ऐसा करेंगे

- ✓ सुनिश्चित करेंगे कि सभी मीडिया पर विज्ञापन और वाणिज्यिक संचार वास्तविक, सत्य, गैर-भ्रामक और सभ्य हों।
- ✓ प्रत्येक जातीयता, सामाजिक पृष्ठभूमि, धर्म, लिंग, यौन रुझान, उम्र या दिव्यांगता वाले लोगों के प्रति समावेशी होने का लक्ष्य रखेंगे।
- ✓ बच्चों और युवाओं के लिए उत्पादों का प्रचार करते समय अत्यधिक सतर्क रहेंगे।
- ✓ हमारे उत्पादों की सिफारिश करने वाले लोगों (जैस प्रभावशाली व्यक्ति, सामाजिक विक्रेता, ब्लॉगर, व्लॉगर्स, पत्रकार, चिकित्सक) के साथ संबंधों को सावधानीपूर्वक प्रबंधित करेंगे और इसके बारे में पारदर्शी रहेंगे।
- ✓ सुनिश्चित करेंगे कि हम विज्ञापन कानूनों और तृतीय-पक्ष की परिसंपत्तियों के उपयोग का सम्मान करें।
- ✓ सुनिश्चित करेंगे कि सभी कॉपीराइट, लेखक अधिकार, व्यक्तित्व अधिकार और उपयोग अधिकारों का सम्मान हो।
- ✓ सुनिश्चित करेंगे कि सभी दावे और कथन ठोस डेटा पर आधारित हों और हमारी आंतरिक सत्यापन प्रक्रिया का अनुपालन करते हों।

## हम ऐसा नहीं करेंगे

- ✗ अस्वास्थ्यकर या अवास्तविक सौंदर्य आकांक्षाओं और व्यक्तिगत लाभों को बढ़ावा देना।
- ✗ हमारे उपभोक्ताओं या हितधारकों के ज्ञान की कमी या अनुभव की कमी का फायदा उठाने की कोशिश करना।
- ✗ हमारे विज्ञापन में मानवीय गरिमा को कम करना, अपमानजनक रूढ़िवादिता पेश करना या अल्पसंख्यक समुदायों का अनादर करना।
- ✗ पर्यावरण या सामाजिक दावों सहित हमारे संचार में जानबूझकर बढ़ा-चढ़ाकर दावा करना।
- ✗ ऐसे मीडिया परिवेशों में संचार करना, जो हिंसा, घृणा और सेक्स के लिए उकसाने वाली सामग्री प्रकाशित करता हो।
- ✗ त्वचा, स्वच्छता और सनस्क्रीन वाले उत्पादों को छोड़कर किसी अन्य के लिए 16 वर्ष से कम उम्र के युवाओं को विशेष रूप से लक्षित करना।



## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

### हम उन लोगों से क्या कह सकते हैं, जिन्हें लगता है कि हम सौंदर्य के अवास्तविक मॉडल को बढ़ावा दे रहे हैं?

सौंदर्य हमेशा आकांक्षात्मक रहा है और हम सौंदर्य आकांक्षाओं की असीमित विविधता को अपनाते हैं। हमारा उद्देश्य अपने उत्पादों और उनके प्रभावों का उचित, सटीक और सच्चा विवरण देना है। हम प्री-प्रोडक्शन या पोस्ट-प्रोडक्शन तकनीकों का उपयोग करके अपने उपभोक्ताओं को अपने उत्पादों द्वारा वो प्रभाव पाने के लिए गुमराह नहीं कर सकते, तो व्यवहारिक रूप से प्राप्त करना संभव नहीं है। उदाहरण के लिए, हम दृश्य सुधार तकनीकों का उपयोग केवल प्रकाश के कारण मिलने वाले गलत परिणामों जैसे तकनीकी मुद्दों को ठीक करने के लिए करते हैं और कथित उत्पाद के कार्य-निष्पादन बढ़ाने के लिए कभी नहीं करते हैं। हम यह भी सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारे द्वारा उपयोग किए जाने वाले मॉडल सौंदर्य प्रकारों की एक व्यापक विविधता के नमूना मात्र हैं और उनकी शारीरिक बनावट, उम्र या त्वचा की टोन को बदलने के लिए तकनीकों का उपयोग नहीं करते हैं।

### विज्ञापन और बच्चों के बारे में हमारी स्थिति क्या होती है?

हम जो उत्पाद विशेष रूप से बच्चों को ध्यान में रखते हुए बेचते हैं, वे त्वचा, स्वच्छता और सनस्क्रीन के उत्पाद हैं। जब बच्चे हमारे विज्ञापन में दिखाई देते हैं, तो हम उनके काम करने की स्थिति के बारे में विशेष रूप से सतर्क रहते हैं। हम 16 वर्ष से कम आयु के उपभोक्ताओं के लिए कॉस्मेटिक के दैनिक उपयोग को प्रोत्साहित नहीं करते हैं। हम हमारे बच्चों के लिए विशिष्ट उत्पादों को छोड़कर, 16 वर्ष से कम आयु के मॉडलों से काम नहीं कराते हैं। ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर, हम अपने विज्ञापन को उपयोगकर्ताओं की आयु को ध्यान में रखते हुए अनुकूलित करते हैं।

### हमें किसी विशिष्ट अवयव की मौजूदगी या गैर-मौजूदगी के संबंध में क्या दावा करने की अनुमति है?

अगर हम कानून का सम्मान कर रहे हैं, तो हम यह सुझाव नहीं दे सकते हैं कि किसी विशेष अवयव की मौजूदगी या गैर-मौजूदगी उपभोक्ताओं को अधिक सुरक्षा प्रदान करती है (उदाहरण के लिए, कोई हेक्साक्लोरोफ़ीन नहीं)। ऐसे अवयवों की मौजूदगी का उपयोग दावों के लिए नहीं किया जा सकता है, जिनका सूत्र में कोई प्रभाव नहीं है। अंत में, हम उन सामग्रियों पर संवाद करने के तरीके में सावधानी बरतते हैं, जिन्हें विवादास्पद माना जा सकता है (जैसे भांग)।

## आचरण में नैतिकता

हम 18 से कम आयु के बॉडी मास इंडेक्स (BMI) वाले मॉडलों के साथ काम नहीं करते हैं।

## आप कैसे काम कर सकते हैं?

हमारी मानवाधिकार नीति, हमारी सोशल मीडिया नीति, L'Oréal इन्फ़्लुएंसर वैल्यू चार्टर, L'Oréal सोशल कॉमर्स वैल्यू चार्टर, हमारा वैज्ञानिक और स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के साथ काम करने का तरीका, हमारा परोपकार करने का तरीका मार्गदर्शिका के साथ-साथ ज़िम्मेदार उत्पाद संचार पर सतर्कता के 10 बिंदु और विज्ञापन कानून पढ़ें। ऐसी विशिष्ट विज्ञापन और संचार नीतियां हो सकती हैं, जो आपकी गतिविधि या आपकी संस्था पर लागू होती हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने मुख्य विपणन अधिकारी, संचार निदेशक या वैज्ञानिक निदेशक से संपर्क करें।

## प्रौद्योगिकी के ज़िम्मेदारीपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देना

पिछले कुछ वर्षों में, L'Oréal एक डिजिटल-फ़र्स्ट कंपनी बन गई है। हम एक ऐसी सुंदरता बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाते हैं, जो न केवल हमारे उपभोक्ताओं के लिए, बल्कि हमारे समुदायों और ग्रह के लिए भी अधिक समावेशी, ज़िम्मेदार, टिकाऊ और पारदर्शी हो। सौंदर्य उद्योग में एक नेतृत्वकर्ता के रूप में, हमारा लक्ष्य डिजिटल मार्केटिंग और सौंदर्य तकनीक संबंधी उपकरणों और सेवाओं के ज़िम्मेदार विकास और उपयोग का मार्ग प्रशस्त करना है।

### हम ऐसा करेंगे

- ✓ अनुचित पूर्वाग्रह से बचने के लिए AI एल्गोरिथ्म के आधार पर निर्णय लेते समय या समाधानों का उपयोग करते समय निष्पक्ष रूप से और हमारे नैतिक सिद्धांतों के अनुसार कार्य करना।
- ✓ हमारे तकनीकी परिवेश के पर्यावरणीय पदचिह्न का मूल्यांकन करना और उस पर कार्रवाई करना।
- ✓ समावेशी तकनीकी पहलों को बढ़ावा देना।

### हम ऐसा नहीं करेंगे

- ✗ हमारे उपकरणों और सेवाओं की सुरक्षा या गुणवत्ता पर समझौता।
- ✗ सुरक्षा उपायों और मानव निरीक्षण के बिना एल्गोरिथ्म संबंधी निर्णय लेने पर अधिक भरोसा करना।
- ✗ AI सिस्टम का उपयोग करते समय मानवाधिकारों, विशेष रूप से गोपनीयता अधिकारों का उल्लंघन करना या व्यक्तियों की पसंद की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाना।



## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**नैतिक दृष्टिकोण से, हम अपने AI विकास में यह कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं कि हम चीज़ों को बहुत ज़्यादा दूर न ले जाएं?**

AI कई अवसर प्रदान करता है, लेकिन कई सवाल भी उठाता है, जिनका हमें समाधान करना चाहिए। ये सवाल आसान नहीं हैं और जैसे-जैसे हम और सीखेंगे, तालमेल बैठाते जाएंगे। वैश्विक नैतिकता विभाग के सहयोग से, हमने AI **के लिए ज़िम्मेदार ढांचे** को परिभाषित किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हम ऐसे AI सिस्टम विकसित और हासिल करें, जो हमारे सभी उपयोगकर्ताओं के लिए भरोसेमंद और सम्मानजनक हों। हम किसी भी कार्यक्रम को तीन चरणों के आधार पर लागू करेंगे: **भरोसेमंद** AI, प्रशिक्षण और भर्ती और समीक्षा और निगरानी के सिद्धांत।

**हमारे ब्रांड ने एक ऐसा टूल विकसित किया है, जो उपभोक्ता की त्वचा संबंधी चिंताओं की पहचान करता है और हमें व्यक्तिगत उत्पादों की सिफारिश करने की सुविधा देता है। हालांकि, चूंकि टूल कुछ विशिष्ट स्किन टोन के लिए बहुत अच्छा कार्य-निष्पादन नहीं करता है, इसलिए हम केवल विशिष्ट उपभोक्ताओं को ही यह सेवा प्रदान करने की योजना बना रहे हैं। क्या यह संभव है?**

हमें यह सुनिश्चित करने की ज़रूरत होती है कि हम अपने उत्पादों और सेवाओं की उपलब्धता में अपने उपभोक्ताओं के साथ भेदभाव न करें। इस मामले में, आपको बाजार में ऐसा टूल नहीं रखना चाहिए, जो सभी उपभोक्ताओं की सेवा न करे।

**हम प्रौद्योगिकी और डिजिटल सेवाओं का उपयोग करते हैं, जबकि साथ ही कार्बन उत्सर्जन पर हमारी गतिविधियों क प्रभाव को सीमित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम दोनों कैसे कर सकते हैं?**

यह सवाल चुनौतीपूर्ण है। इसी वजह से हमने एक समर्पित स्थायी IT और तकनीकी रोडमैप बनाया है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारी तकनीक का पर्यावरणीय प्रभाव नियंत्रण में रहे और हम अपने व्यवसाय के प्रभाव को कम करने के लिए तकनीक का लाभ उठाएं। उदाहरण के तौर पर, हम सभी को डिजिटल सुझावों को लागू करके, प्रौद्योगिकी के दैनिक उपयोग के पर्यावरणीय प्रभाव को सीमित करने में एक भूमिका निभानी है। हम अपनी तकनीकी पहलों के प्रभाव को सीमित करने के लिए डिज़ाइन द्वारा टिकाऊ तकनीक पर भी काम करते हैं।

## आचरण में नैतिकता

भरोसेमंद AI के लिए **हमारे सिद्धांतों के हिस्से के रूप में,** L'Oréal ने आंतरिक परिचालन प्रक्रियाओं और विकास में उपलब्धियां हासिल की हैं।

## आप कैसे काम कर सकते हैं?

हमारा **भरोसेमंद AI के सिद्धांत** पढ़ें।
ऐसी विशिष्ट नीतियां हो सकती हैं, जो आपकी गतिविधि या आपकी संस्था पर लागू होती हैं। अधिक जानकारी के लिए अपनी डिजिटल या ब्यूटी टेक टीमों से संपर्क करें।

परिचय
नैतिक सिद्धांत
मानवाधिकार
आवाज उठाएं

व्यवसाय के रूप में

नियोक्ता के रूप में

ज़िम्मेदार संगठन के रूप में

संपर्क

## व्यक्तिगत डेटा को सावधानी से संभालना

हमारे पास सभी के निजता के अधिकार को बनाए रखने की ज़िम्मेदारी होती है। हमारा व्यक्तिगत डेटा एकत्र, संग्रहीत और उपयोग करने का तरीका हमारे हितधारकों के विश्वास को बनाए रखने का एक महत्वपूर्ण कारक है।

### हम ऐसा करेंगे

- ✓ यह सुनिश्चित करना कि जिन लोगों से हम व्यक्तिगत डेटा एकत्र करते हैं, उन्हें सूचित किया जाता है कि हम किस प्रकार की जानकारी एकत्र कर रहे हैं, हम इसका उपयोग किस तरह से करने की योजना बना रहे हैं, हम इसे किसके साथ साझा कर सकते हैं और यदि उनके कोई प्रश्न होते हैं, तो वे किससे संपर्क कर सकते हैं।
- ✓ केवल आवश्यक व्यक्तिगत डेटा एकत्र करना और सुनिश्चित करना कि इसे सुरक्षित रूप से संसाधित किया जाए।
- ✓ नई तकनीकों के हमारे उपयोग के संभावित प्रभावों को ध्यान में रखना।
- ✓ यह सुनिश्चित करना कि सभी तृतीय पक्ष जिनसे हम व्यक्तिगत डेटा प्राप्त करते हैं या जो हमारी ओर से व्यक्तिगत डेटा एकत्र, संग्रहीत या उपयोग करते हैं, हमारे डेटा गोपनीयता मानकों को साझा करते हैं।
- ✓ अगर हमें किसी डेटा गोपनीयता समस्या के बारे में पता चलता है, तो कार्रवाई करना या आवाज़ उठाना।

### हम ऐसा नहीं करेंगे

- ✗ संवेदनशील जानकारी एकत्र करना, जब तक कि हम ऐसा करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य न हों या संबंधित व्यक्ति की सहमति से।
- ✗ जिस व्यक्ति से हमने डेटा एकत्र किया है, उसे पहले से न बताए गए तरीकों से व्यक्तिगत डेटा का उपयोग करना।
- ✗ व्यक्तिगत डेटा को उस कानूनी या व्यवसायिक आवश्यकता को पूरा करने के लिए आवश्यकता से अधिक समय तक रखना, जिसके लिए उसे एकत्र किया गया था।
- ✗ पूरी तरह से स्वचालित प्रसंस्करण पर आधारित निर्णय लेना, जब संबंधित लोगों पर इसका गहरा असर हो सकता हो।



## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

### संवेदनशील जानकारी से हमारा क्या मतलब है और हमें इसका उपयोग करने की आवश्यकता क्यों है?

इसमें बायोमेट्रिक डेटा (जैसे रेटिना या आइरिस स्कैन, फ़िंगरप्रिंट, वॉयसप्रिंट, या हाथ या चेहरे की ज्यामिति का स्कैन), स्वास्थ्य डेटा, आनुवंशिक डेटा, जातीय मूल, राजनीतिक मत, धार्मिक या दार्शनिक विश्वास, ट्रेड-यूनियन सदस्यता से संबंधित कोई भी जानकारी, किसी व्यक्ति के यौन जीवन या यौन रुझान से संबंधित डेटा शामिल है। हम इस प्रकार के डेटा को शायद ही कभी संसाधित करते हैं, सिवाय इसके कि जब कोई कानूनी बाध्यता हो या इसका उद्देश्य हमारे उत्पादों का परीक्षण करने वाले स्वयंसेवकों के साथ नैदानिक या मूल्यांकन अध्ययन हो।

### मैंने सुना है कि अन्य कंपनियों को डेटा बेचकर पैसा कमाया जाता है। क्या हम L'Oréal में ऐसा करते हैं?

हम केवल अपने स्वयं के व्यवसाय या शोध उद्देश्यों के लिए व्यक्तिगत डेटा एकत्र करते हैं। हम एकत्रित किए गए व्यक्तिगत डेटा को बेचते नहीं हैं। हम कभी-कभी तृतीय पक्षों के साथ डेटा साझा करते हैं, उदाहरण के लिए किसी शोध परियोजना में किसी विश्वविद्यालय की मदद करते समय, लेकिन ऐसे मामलों में डेटा हमेशा बेनाम करके रखा जाता है।

### क्या यह बात सच है कि HR और IT मेरे सभी ईमेल और फ़ाइलों की समीक्षा कर सकते हैं?

सैद्धांतिक तौर पर, हम अपने नियंत्रण में रखे गए उपकरण का उपयोग केवल पेशेवर कारणों से कर सकते हैं। जब हम L'Oréal से जुड़ते हैं, तो हमें सभी कार्यस्थल निगरानी और उसके उद्देश्य क बारे में बता दिया जाता है। कर्मचारियों के ईमेल और फ़ाइलों तक केवल तभी पहुंचा जा सकता है, जब **L'Oréal** के पास कोई वैध व्यवसायिक कारण होता है। व्यक्तिगत जानकारी की समीक्षा करने की स्थिति के बारे में बहुत सख्त नियम हैं।

## आचरण में नैतिकता

L'Oréal विशेष रूप से एल्गोरिथ्म पूर्वाग्रह से बचने के लिए AI के ज़िम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देना चाहता है।

## आप कैसे काम कर सकते हैं?

डेटा गोपनीयता आंतरिक नियंत्रण के बुनियादी सिद्धांतों में सतर्कता के 10 बिंदु, डिजिटल टेक्नोलॉजी उपयोगकर्ता चार्टर, हमारे भरोसेमंद AI के सिद्धांत, समूह मानवाधिकार नीति और कर्मचारी मानवाधिकार नीति पढ़ें।
डेटा गोपनीयता पर ऐसी विशिष्ट नीतियां हो सकती हैं, जो आपकी गतिविधि या आपकी संस्था पर लागू होती हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने स्थानीय डेटा गोपनीयता अधिकारी से संपर्क करें।

परिचय
नैतिक सिद्धांत
मानवाधिकार
आवाज उठाएं

व्यवसाय के रूप में

नियोक्ता के रूप में

ज़िम्मेदार संगठन के रूप में

संपर्क

# गोपनीय जानकारी की सुरक्षा करना

हमें L'Oréal और हमारे व्यवसायिक भागीदारों की गोपनीय जानकारी की रक्षा करनी चाहिए। इस तरह की जानकारी के खुलासे से न केवल हमारी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता है, बल्कि हमारे हितधारकों का भरोसा भी प्रभावित हो सकता है।

## हम ऐसा करेंगे

- ✓ जानकारी सुरक्षा, डिजिटल तकनीक के उपयोग और इनसाइडर ट्रेडिंग पर समूह के नियमों का सम्मान करना, जिसका उद्देश्य वैध रूप से 'जानने की आवश्यकता' वाले लोगों के लिए गैर-सार्वजनिक जानकारी के प्रकटीकरण को सीमित करना है।
- ✓ अगर हमने अनजाने में गोपनीय जानकारी का खुलासा कर दिया या अगर हमें पता चलता है कि गोपनीय जानकारी का खुलासा किया गया है, तो तुरंत हमारे प्रबंधक को सूचित करना।
- ✓ जब तृतीय पक्ष की मौजूदगी हो (अर्थात् हमारे परिसर में आना, जब हम यात्रा कर रहे हों, आदि) तो गोपनीय जानकारी का खुलासा न करना।

## हम ऐसा नहीं करेंगे

- ✗ ऐसे सार्वजनिक क्षेत्र में गोपनीय जानकारी के साथ चर्चा करना या काम करना, जहाँ बातचीत को सुना जा सकता हो या डेटा से छेड़छाड़ की जा सकती हो।
- ✗ पिछले नियोक्ता की गोपनीय जानकारी का खुलासा करना।
- ✗ L'Oréal छोड़ते समय कोई भी गोपनीय जानकारी रखना।

## आचरण में नैतिकता

जानकारी को सुरक्षित रखने के तरीके को सुनिश्चित करने के लिए L'Oréal के सभी कर्मचारियों को विशिष्ट प्रशिक्षण का पालन करना ज़रूरी होता है।

## आप कैसे काम कर सकते हैं?

हमारी नैतिक मार्गदर्शिकाएँ हमारा स्टार्ट-अप के साथ काम करने का तरीका, आपूर्तिकर्ताओं के साथ हमारे संबंध के बारे मेंहमारा अपने आपूर्तिकर्ताओं के साथ काम करने का तरीका और हमारा प्रतिस्पर्धियों और ग्राहकों के साथ अपने संबंधों पर प्रतिस्पर्धा करने का तरीका, हमारी सूचना सुरक्षा नीति और सोशल मीडिया नीति के साथ-साथ हमारे शेयर बाजार की नीति संहिता पढ़ें। गोपनीय जानकारी पर ऐसी विशिष्ट नीतियां हो सकती हैं, जो आपकी गतिविधि या आपकी संस्था पर लागू होती हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने प्रबंधक या नैतिकता प्रतिनिधि से संपर्क करें।

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**हम व्यवसायिक गोपनीयता के साथ पारदर्शिता को कैसे संतुलित कर सकते हैं?**

पारदर्शी होने का मतलब यह नहीं है कि हम खुली किताब बन जाएं। हमारे पास कुछ जानकारियों की रक्षा करने का वैध कारण है। यह ज्यादातर मानसिकता का सवाल है। हमें व्यवस्थित रूप से खुद से पूछना चाहिए कि क्या हम अधिक पारदर्शी हो सकते हैं, लेकिन यह भी स्वीकार करना चाहिए कि गोपनीय जानकारी की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। कोई संदेह होने पर अपने प्रबंधक या संचार निदेशक से पूछें।

**कभी-कभी हमें स्टार्ट-अप जैसे तृतीय पक्षों से गोपनीय जानकारी माँगनी पड़ती है। हम यह कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं कि वे हम पर भरोसा करें?**

यह दिखाना भरोसा जीतने के लिए महत्वपूर्ण होता है कि हमें गोपनीय जानकारी को संभालने का तरीका पता है। केवल वही जानकारी मांगें, जिसकी आपको वास्तव में आवश्यकता हो, समझाएं कि आपको इसकी आवश्यकता क्यों है, इसके बदले में आप क्या जानकारी देंगे, आप इस जानकारी का उपयोग कैसे करेंगे और आप इसे किसके पास और कैसे सुरक्षित रखेंगे।

**L'Oréal में, हमें कॉरिडोर में कॉफी आदि पीते हुए गपशप करना पसंद है। क्या हम वास्तव में आगंतुकों को कुछ ऐसा सुनने से रोक सकते हैं, जो सुनकर वो वहमी नहीं हो जाएंगे?**

इससे बचने का सबसे आसान तरीका है कि आगंतुकों से मुलाकात करने के लिए निर्दिष्ट बैठक कक्षों का उपयोग करें या अगर आप अपने कार्यालय में किसी आगंतुक से मिलने की उम्मीद कर रहे हैं, तो अपने सहयोगियों को सतर्क कर दें। याद रखें, अगर गोपनीय जानकारी का खुलासा हो गया, तो हम सभी का नुकसान है।

परिचय
नैतिक सिद्धांत
मानवाधिकार
आवाज उठाएं

व्यवसाय के रूप में

नियोक्ता के रूप में

ज़िम्मेदार संगठन के रूप में

संपर्क

# हमारे व्यवसायिक भागीदारों के साथ मज़बूत संबंधों का निर्माण करना

हम विश्वास और पारस्परिक लाभ के आधार पर अपने व्यवसायिक भागीदारों के साथ एक स्थायी पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना चाहते हैं। हम पारदर्शी और निष्पक्ष चयन मानदंड रखने और ईमानदार और सम्मानजनक प्रतिक्रिया देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम उन व्यवसायिक भागीदारों की भी तलाश करते हैं और उनका समर्थन करते हैं, जो हमारे नैतिक मानकों को साझा करते हैं।

## हम ऐसा करेंगे

- ✓ हमारे व्यवसायिक भागीदारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करना (उदाहरण के लिए आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान करना या ग्राहकों को समय पर डिलीवरी देना) और अगर हमें ऐसा करने में कोई कठिनाई आती है या ऐसा न करने के कोई वैध कारण हैं, तो स्पष्ट और ईमानदार रहना।
- ✓ विशेष रूप से संकट के समय में, जब हमारे व्यवसायिक भागीदारों को कठिनाइयों का सामना करना पड़े, तो समझदारी दिखाना।
- ✓ हमारे व्यवसायिक भागीदारों को L'Oréal के व्यवसाय पर आर्थिक रूप से अत्यधिक निर्भर होने से बचाना।
- ✓ हमारी नैतिक अपेक्षाओं के बारे में समझाना और उन्हें पूरा करने में व्यवसायिक भागीदारों का समर्थन करना, जो उन्हें पूरा करने के लिए तैयार नहीं हैं, उन लोगों के साथ संबंध समाप्त करने का साहस करना।

## हम ऐसा नहीं करेंगे

- ✕ व्यवसायिक भागीदारों पर अपमानजनक शर्तें लागू करना (अर्थात् भुगतान, समय सीमा, ऑर्डर बदलने आदि के संदर्भ में)।
- ✕ हमारे व्यवसायिक भागीदारों से वह करने के लिए कहना, जो हम स्वयं करने में सक्षम या इच्छुक न हों।



परिचय
नैतिक सिद्धांत
मानवाधिकार
आवाज उठाएं
व्यवसाय के रूप में
नियोक्ता के रूप में
ज़िम्मेदार संगठन के रूप में
संपर्क

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**हम यह कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं कि हमारे सभी व्यवसायिक भागीदार हमारे नैतिक मानकों को साझा करते हों?**

सबसे अच्छा तरीका यह है कि हम मिसाल के तौर पर नेतृत्व करें और जब भी ऐसा करना प्रासंगिक हो, अपनी सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को साझा करें। उदाहरण के लिए, अपने ग्राहकों के साथ, हम उन विषयों पर साझेदारी करना चाहते हैं, जिन पर हमारे साझा हित हैं, जैसे कि हमारे ग्रह की रक्षा करना या मानवाधिकारों का सम्मान करना। हमारे आपूर्तिकर्ताओं के संबंध में, हम आगे बढ़ते हैं और उनसे कुछ न्यूनतम नैतिक मानकों का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध होने के लिए कहते हैं, जिनकी हम बारीकी से निगरानी करते हैं। हम ऐसा अपने वितरकों के साथ भी करते हैं।

**मुझे वास्तव में एक अच्छा आपूर्तिकर्ता मिल गया है, लेकिन वे अभी अपना व्यवसाय शुरू ही कर रहे हैं और L'Oréal इस समय उनका एकमात्र ग्राहक है। क्या मैं उनके साथ काम कर सकता हूँ?**

हमारा उद्देश्य दीर्घकालिक निर्भरता बनाने से बचना है। बेशक हम छोटे आपूर्तिकर्ताओं के साथ काम कर सकते हैं, लेकिन हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वे हमारे बिना अस्तित्व में बने रहने के लिए खुद को विकसित करने के लिए अन्य ग्राहक खोजें।

**हमारे एक क्लाइंट के काम करने की परिस्थितियों के लिए सोशल मीडिया पर उनकी आलोचना की जाती है। क्या हम उन्हें आपूर्ति करना जारी रख सकते हैं?**

हमें इस क्लाइंट के पास जाकर उनका पक्ष सुनना चाहिए और यह समझना चाहिए कि वे इस मुद्दे को कैसे संबोधित कर रहे हैं। हमें यह देखने के लिए बारीकी से निगरानी करनी चाहिए कि क्या कोई अन्य उपाय किए जाने की आवश्यकता है।

## आचरण में नैतिकता

L'Oréal अपने आपूर्तिकर्ताओं को नैतिक और मानवाधिकार मानकों का सम्मान सुनिश्चित करने के लिए हर साल सैकड़ों ऑडिट करता है।

## आप कैसे काम कर सकते हैं?

हमारा अपने आपूर्तिकर्ताओं के साथ काम करने का तरीका, हमारा प्रतिस्पर्धा करने का तरीका, हमारा स्टार्ट-अप के साथ काम करने का तरीका, हमारा वैज्ञानिक और स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के साथ काम करने का तरीका नैतिकता मार्गदर्शिकाएं, आंतरिक नियंत्रण के बुनियादी सिद्धांत और हमारा आपूर्तिकर्ता पारस्परिक नैतिकता प्रतिबद्धता पत्र पढ़ें। हमारे अपने आपूर्तिकर्ताओं के साथ काम करने के तरीके के बारे में अधिक जानकारी हमारे खरीदें और देखभाल करें कार्यक्रम में निहित है। व्यवसायिक भागीदारों के संबंध में विशिष्ट नीतियां हो सकती हैं, जो आपकी गतिविधि या संस्था पर लागू होती हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने कानूनी विभाग, क्रय प्रबंधक या नैतिकता प्रतिनिधि से संपर्क करें।

# हमारे प्रतिस्पर्धियों के साथ उचित व्यवहार करना

स्वस्थ प्रतिस्पर्धा नवाचार को प्रोत्साहित करती है और यह सुनिश्चित करती है कि हमारे उपभोक्ताओं को कीमत और उत्पाद के मामले में सबसे अच्छा सौदा मिले। बाजार में हेरफेर करने से प्रतिस्पर्धियों के बीच संतुलन बिगड़ जाएगा, हमारे उपभोक्ताओं का विश्वास कमज़ोर होगा और गंभीर कानूनी प्रतिबंध लग जाएंगे। कॉस्मेटिक उद्योग के एक नेतृत्वकर्ता के रूप में, हमें एक अच्छी मिसाल कायम करने की आवश्यकता है। हम अपने प्रतिस्पर्धियों के साथ उसी तरह से सम्मानपूर्वक व्यवहार करेंगे, जैसा कि हम उनसे चाहते हैं। अगर हमें लगता है कि कोई खेल के नियमों का सम्मान नहीं कर रहा है, तो यही एकमात्र तरीका है, जिससे हम अपना पक्ष रख सकते हैं।

## हम ऐसा करेंगे

- ✓ हमारे प्रतिस्पर्धियों के बारे में जानकारी केवल पारदर्शी और वैध माध्यमों से ही एकत्र करना।
- ✓ अगर हमें अनजाने में अपने प्रतिस्पर्धियों से संबंधित गोपनीय जानकारी मिलती है, तो तुरंत हमारे प्रबंधक को सूचित करना।
- ✓ प्रतिस्पर्धियों (व्यवसायिक व्यापार संघों सहित) के साथ बैठकों के बारे में या किसी कंपनी को हमारे प्रतिस्पर्धियों में से किसी को खरीदने या बेचने से रोक सकने वाली कोई कार्रवाई करने से पहले हमारे कानूनी विभाग को सूचित करना।

## हम ऐसा नहीं करेंगे

- ✕ L'Oréal में शामिल होने वाले प्रतिस्पर्धियों के पूर्व-कर्मचारियों को अपने पिछले नियोक्ता के बारे में कोई भी गोपनीय जानकारी साझा करने की अनुमति देना।
- ✕ हमारे क्लाइंट की मूल्य निर्धारण नीति में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हस्तक्षेप करना।
- ✕ हमारे प्रतिस्पर्धियों के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करना।
- ✕ उन प्रतिस्पर्धियों के संपर्क में रहना, जहाँ गोपनीय जानकारी पर चर्चा की जाती है।



## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**वाणिज्यिक टीमों में मेरे सहयोगी अक्सर हमारे प्रतिस्पर्धियों के संबंध म आक्रामक भाषा इस्तेमाल करते हैं। क्या यह मात्र खेल का हिस्सा नहीं है?**

बाजार में हिस्सेदारी हासिल करने के लिए अपने प्रतिस्पर्धियों का मज़ाक उड़ाने या कठोर भाषा का इस्तेमाल करने की कोई ज़रूरत नहीं है। यह एक तरह से ऊर्जा की बर्बादी है।

**एक मित्र की पार्टी में, मैं एक ऐसे व्यक्ति के बगल में बैठा था, जो हमारे एक प्रतिस्पर्धी के लिए काम करता है। यह कोई औपचारिक बिजनेस मीटिंग नहीं थी और हमने काम के बारे में ज्यादा बात नहीं की। क्या मुझे अभी भी अपने प्रबंधक को इसके बारे में बताने की आवश्यकता है?**

सुरक्षित रहने के लिए, अपने प्रबंधक को अवश्य बताएं, जिससे कि आवश्यकता महसूस होने पर वे कानूनी विभाग से बात कर सकें।

**क्या मैं सोशल मीडिया पर अपने प्रतिस्पर्धियों को फ़ॉलो कर सकता हूँ (उदाहरण के लिए, उनके Facebook पेज को लाइक करना या Twitter, Instagram आदि पर प्रतिस्पर्धी ब्रांड को फ़ॉलो करना)?**

हाँ, जैसे ही प्रतिस्पर्धी इंटरनेट और सोशल मीडिया पर स्वतंत्र रूप से सुलभ जानकारी प्रकाशित करता है, इस जानकारी को प्राप्त करने के लिए आपकी आलोचना नहीं की जा सकती है, बशर्ते कि संबंधित साइट प्रतिस्पर्धियों के लिए पहुंच के विशिष्ट प्रतिबंधों को निर्धारित न करती हो। संदेह की स्थिति में हमेशा उपयोग की शर्तों को देखें।

## आचरण में नैतिकता

बिक्री टीमों का समर्थन करने के लिए, हमने बिज़नेस-टू-बिज़नेस (BTB) ग्राहकों की पुनर्विक्रय कीमतों और मार्जिन को बहुत ही सरल सहायक तरीकों को परिभाषित किया है, **बिज़नेस-टू-बिज़नेस ग्राहकों की पुनर्विक्रय कीमतों और मार्जिन पर सतर्कता के 10 बिंदु**, जो माई हब पर एथिक्स इंट्रानेट साइट पर उपलब्ध आंतरिक नियंत्रण के बुनियादी सिद्धांत में पाए जा सकते हैं।

## आप कैसे काम कर सकते हैं?

हमारा प्रतिस्पर्धा करने का तरीका मार्गदर्शिका के साथ ही **सोशल मीडिया** नीति भी पढ़ें। ऐसी विशिष्ट प्रतिस्पर्धा नीतियां हो सकती हैं, जो आपकी गतिविधि या आपकी संस्था पर लागू होती हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने कानूनी विभाग से संपर्क करें।

परिचय
नैतिक सिद्धांत
मानवाधिकार
आवाज उठाएं

व्यवसाय के रूप में

नियोक्ता के रूप में

ज़िम्मेदार संगठन के रूप में

संपर्क

# L'ORÉAL की प्रतिष्ठा की रक्षा करना

पिछले 100 वर्षों में, L'Oréal और इसके ब्रांड घरेलू नाम बन गए हैं। जबकि हम सभी को पारदर्शिता, ईमानदारी और रचनात्मक आलोचना को प्रोत्साहित करना चाहिए, हमें हमेशा अपने आप से यह भी पूछना चाहिए कि L'Oréal की प्रतिष्ठा पर हमारे कार्यों का संभावित प्रभाव क्या पड़ता है। L'Oréal की प्रतिष्ठा हम में से प्रत्येक के व्यवहार पर निर्भर करती है।

## हम ऐसा करेंगे

- ✓ यह सुनिश्चित करना कि L'Oréal के नैतिक सिद्धांत हर समय हमारे पेशेवर व्यवहार में परिलक्षित होते हैं।
- ✓ यह सुनिश्चित करना कि हमारे प्रवक्ता और प्रभावकारी व्यक्तियों सहित हमारा प्रतिनिधित्व करने वाले तृतीय पक्षों के लिए भी हमारे नैतिक सिद्धांतों का सम्मान करना आवश्यक है।
- ✓ हमारी व्यक्तिगत राय और L'Oréal की राय के बीच किसी भी संभावित भ्रम से बचना।
- ✓ हमेशा यह ध्यान रखना कि इंटरनेट पर कुछ भी गुप्त या निजी नहीं है और न ही भुला दिया जाता है।
- ✓ ऐसी किसी भी घटना के बारे में हमारे प्रबंधन या संचार टीमों को बताना, जिनसे हमें लगता है कि L'Oréal की प्रतिष्ठा को प्रभावित हो सकती है।

## हम ऐसा नहीं करेंगे

- ✗ L'Oréal की ओर से बोलना या कोई प्रतिबद्धता करना, जब तक कि विधिवत अधिकृत न हों।
- ✗ समूह से संबंधित उन विषयों के बारे में बोलना या लिखना, जो हमारी विशेषज्ञता के क्षेत्र से बाहर हों।
- ✗ L'Oréal की प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए अल्पकालिक प्रयास के रूप में गलत बयान देना।



परिचय
नैतिक सिद्धांत
मानवाधिकार
आवाज उठाएं

व्यवसाय के रूप में

नियोक्ता के रूप में

ज़िम्मेदार संगठन के रूप में

संपर्क

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**मैं इंटरनेट पर L'Oréal और इसके ब्रांडों को संबोधित की जाने वाली आलोचनाओं से दुखी हूँ और अक्सर ऑनलाइन लोगों के साथ काफी ज़ोरदार बहस में पड़ जाता हूँ। मैं हमारी प्रतिष्ठा की रक्षा करने में कैसे मदद कर सकता हूँ?**

L'Oréal में, समूह की प्रतिष्ठा की रक्षा करने में सभी की ज़िम्मेदारी/भूमिका है। हम यह सामान्य नैतिक सिद्धांतों का सम्मान करके, ईमानदारी से और पारदर्शी तरीके से संचार करके, तथा ज़रूरत पड़ने पर आंतरिक रूप से सही लोगों को शामिल करके भी करते हैं। ऐसी समर्पित टीमें मौजूद हैं, जिनका काम समूह की प्रतिष्ठा की रक्षा करना है। अगर आपको किसी ऐसी स्थिति या सामग्री के बारे में पता चलता है, जिससे समूह या हमारे ब्रांड की प्रतिष्ठा प्रभावित हो सकती है, तो कृपया मामले को संबंधित टीम को सौंपे और वे इसमें सहयोग करेंगे या इसे स्वयं संभालेंगे।

**मेरे लिए सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत राय व्यक्त करना ज़रूरी है और मैं कभी-कभी कुछ सहकर्मियों को अपने व्यक्तिगत सोशल मीडिया खातों पर कुछ कट्टरपंथी राजनीतिक पक्ष लेते हुए देखता हूँ। अगर कोई इस बारे में शिकायत करे, तो L'Oréal क्या करेगी?**

L'Oréal ऐसा कोई बयान नहीं देता है, जिसे किसी राजनीतिक पक्ष के समर्थन या आलोचना के रूप में समझा जा सके। हम कर्मचारियों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का तब तक सम्मान करते हैं, जब तक कि L'Oréal के दृष्टिकोण और उनकी व्यक्तिगत प्रतिबद्धताओं के बीच भ्रम न हो। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि वे L'Oréal में किस स्थिति में हैं और वे किससे बात कर रहे हैं। हमें हमेशा खुद से ये सवाल पूछना चाहिए: "क्या कोई इंटरनेट उपयोगकर्ता यह सोच सकता है कि मैं L'Oréal की ओर से बोल रहा था?"

**क्या हम अपने दोस्तों और परिवार को हमारे नए लॉन्च किए गए उत्पादों पर पाँच सितारा समीक्षा लिखने के लिए कह सकते हैं?**

नहीं, यह सख्त वर्जित है। उनकी राय और अन्य उपभोक्ताओं की राय के बीच भ्रम हो सकता है, जिनका L'Oréal से कोई संबंध नहीं है। हमारे ऊपर पारदर्शिता की कमी के कारण उपभोक्ताओं को गलत तरीके से प्रभावित करने के प्रयास का आरोप लगाया जा सकता है। हम चाहते हैं कि हमारे उत्पादों की समीक्षाएं हमारे उपभोक्ताओं की सच्ची राय को दर्शाएं।

## आचरण में नैतिकता

हमने सोशल प्लेटफ़ॉर्म पर संचार करते समय अपने कर्मचारियों की सहायता के लिए एक **सोशल मीडिया** नीति तैयार की है।

## आप कैसे काम कर सकते हैं?

हमारी **सोशल मीडिया** नीति पढ़ें और हमारी हमारे उत्पादों के अंदर वेबसाइट पर जाएं।
बाहरी संचार पर ऐसी विशिष्ट नीतियां हो सकती हैं, जो आपकी गतिविधि या आपकी संस्था पर लागू होती हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने संचार निदेशक या नैतिकता प्रतिनिधि से संपर्क करें।

# कंपनी के संसाधनों का सही उपयोग सुनिश्चित करना

अपने मिशन को सर्वोत्तम परिस्थितियों में पूरा करने के लिए सभी कर्मचारियों को संसाधन उपलब्ध कराए जाते हैं। L'Oréal के परिचालन कार्य-निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए हममें से प्रत्येक के पास इन संसाधनों की देखभाल करने की ज़िम्मेदारी होती है।

## हम ऐसा करेंगे

- ✓ संसाधनों को नुकसान, क्षति, चोरी, बर्बादी और अनुचित उपयोग से बचाना।
- ✓ समूह सुरक्षा की प्रकियाओं का सम्मान करना।
- ✓ यह सुनिश्चित करना कि हम अच्छी साइबरसुरक्षा प्रक्रियाओं को लागू करते हैं।

## हम ऐसा नहीं करेंगे

- ✕ इन परिसंपत्तियों का उपयोग हमारे नैतिक सिद्धांतों के विपरीत उद्देश्य के लिए करना।
- ✕ संसाधनों का व्यक्तिगत उद्देश्यों के लिए अनुचित रूप से उपयोग करना।



## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**मैं अपने वर्कस्टेशन पर एक एप्लिकेशन इंस्टॉल करना चाहता हूँ। मैं क्या कर सकता हूँ?**

L'Oréal आपको अपने काम में सहायता करने के लिए एप्लिकेशन प्रदान करता है और आप उन्हें L'Oréal कैटलॉग में पा सकते हैं। उन एप्लिकेशन के उपयोग के अधिकारों का सम्मान करने के लिए, अगर आपको व्यवसायिक कारणों से अपने वर्कस्टेशन पर किसी अतिरिक्त टूल की आवश्यकता है, तो आपको अपने प्रबंधक और IT टीम से संपर्क करना होगा। इसके अलावा, अपने स्मार्टफ़ोन और टैबलेट पर केवल आधिकारिक सार्वजनिक ऐप स्टोर से ही मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें।

**क्या मैं eBay जैसी ऑनलाइन बिक्री साइटों पर हमारे ऑन-साइट या ऑनलाइन कंपनी स्टोर के माध्यम से खरीदे गए उत्पादों को फिर से बेच सकता हूँ?**

इन उत्पादों को फिर से बेचना प्रतिबंधित है। वे उत्पाद जिन्हें आप हमारी साइट पर खरीद सकते हैं, केवल आपके और आपके रिश्तेदारों के व्यक्तिगत उपयोग के लिए सख्ती से आरक्षित होते हैं।

**मुझे संदेह है कि मेरी टीम का एक सदस्य कंपनी के समय के दौरान एक बाहरी परामर्श व्यवसाय चला रहा है, ऐसा करने के लिए अपने वर्कस्टेशन और ईमेल का उपयोग कर रहा है। मैंने IT विभाग के एक मित्र को इसके बारे में बताया। वह उस व्यक्ति के ईमेल तक पहुंच सकता है और उसने मुझे यह पता लगाने में मदद करने की पेशकश की है कि क्या हो रहा है। क्या ऐसा करना ठीक है?**

व्यक्तिगत गतिविधियों के लिए कंपनी के संसाधनों का उपयोग वर्जित है। अगर आपको इस प्रकार का संदेह है, तो आपको इसके बारे में सीधे अपने प्रबंधक को सूचित करना चाहिए। कदाचार की जाँच के संबंध में कर्मचारी ईमेल खातों तक पहुँचने के लिए विशिष्ट प्रक्रियाएँ हैं। भले ही IT विभाग के आपके मित्र की इन खातों तक पहुंच हो, लेकिन उसे कंपनी के आधिकारिक चैनलों के माध्यम से उचित प्राधिकरण के बिना इस उद्देश्य के लिए इसका उपयोग नहीं करना चाहिए।

## आचरण में नैतिकता

L'Oréal के पास सूचना और संचार तकनीकों के समुचित उपयोग के लिए एक चार्टर है।

L'Oréal के पास एक सुरक्षा चार्टर और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (SMS) है, जो कर्मचारियों, परिसंपत्तियों और सूचनाओं के लिए मुख्य सुरक्षा आवश्यकताओं और सुरक्षा उपायों का विवरण देती है।

साइबर सुरक्षा जागरूकता माह एक अंतरराष्ट्रीय अभियान है, जो कर्मचारियों को अच्छी साइबर सुरक्षा प्रक्रियाओं को लागू करने में मदद करने के लिए प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।

## आप कैसे काम कर सकते हैं?

**हमारा सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का चार्टर पढ़ें**
**आंतरिक नियंत्रण के मूल सिद्धांतों में सुरक्षा पर सतर्कता के 10 बिंदु और साइबर सुरक्षा के 5 स्वर्णिम नियम पढ़ें।**
ऐसी विशिष्ट नीतियां हो सकती हैं, जो आपकी गतिविधियों या आपकी संस्था पर लागू होती हैं। अधिक जानकारी के लिए अपनी HR या IT टीमों से संपर्क करें।

# हितों के टकराव के बारे में खुलकर बात करना

हम सभी कभी न कभी खुद को ऐसी स्थिति में पा सकते हैं, जहाँ पर हमारे व्यक्तिगत या वित्तीय हित का L'Oréal के हितों के साथ टकराव होता प्रतीत हो सकता है। पारदर्शी होने से यह सुनिश्चित हो जाता है कि यह नैतिक मुद्दा न बने।

## हम ऐसा करेंगे

- ✓ ऐसे किसी भी व्यक्तिगत संबंध, बाहरी गतिविधियों या वित्तीय हितों का हमारे प्रबंधन के समक्ष तत्काल खुलासा करना, जो हमारे निर्णय या निर्णय लेने की प्रक्रिया से प्रभावित होते हैं, या प्रभावित होते हुए प्रतीत होते हैं।
- ✓ अगर हम आश्वस्त नहीं हैं कि हम समझते हैं कि हितों का टकराव किसे माना जा सकता है, तो सलाह लें।

## हम ऐसा नहीं करेंगे

- ✗ L'Oréal में हमारे पद का किसी भी तरह से हमारे प्रत्यक्ष व्यक्तिगत हितों या अप्रत्यक्ष रूप से हमारे मित्रों या परिवार के पक्ष में उपयोग करना।
- ✗ हमारी या हमारे दोस्तों या परिवार की व्यक्तिगत गतिविधियों को पूरा करने या उनका सहयोग करने के लिए कंपनी के संसाधनों का उपयोग करना।

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**क्या मैं व्यक्तिगत सौंदर्य ब्लॉग चला सकता हूँ? अगर मैं L'Oréal कर्मचारी के रूप में अपनी स्थिति के बारे में पारदर्शी हूँ, तो क्या यह संभव है?**
नहीं। ये ब्लॉग केवल तभी हितकर हैं, जब वे उपभोक्ताओं के दृष्टिकोण को परिलक्षित करते हैं, जो खुद को स्वतंत्र रूप से अभिव्यक्त कर सकते हैं। लेकिन, L'Oréal कर्मचारी के रूप में, आपके लिए L'Oréal उत्पादों की आलोचना करना या प्रतिस्पर्धी उत्पादों के बारे में बात करना संभव नहीं है। बेशक, आप अपनी रुचि के अन्य विषयों पर ब्लॉग बना सकते हैं: यात्रा, पाक कला, जीवन शैली, आदि।

**मेरा एक दोस्त है, जो एक बड़ी केटरिंग कंपनी का मालिक है। क्या मैं उनका विवरण अपने कार्यस्थल के सभी सहकर्मियों को भेज सकता हूँ और क्या मैं उन्हें क्रय विभाग के संपर्क में रख सकता हूँ?**
बेशक, आप क्रय विभाग से अपने दोस्त की कंपनी के बारे में बात कर सकते हैं, लेकिन यदि उनको रुचि है, तो आपको उन्हें उससे संपर्क करने देना चाहिए। आपको इस तथ्य का खुलासा करना चाहिए कि यह विक्रेता आपका दोस्त है और विक्रेता चयन प्रक्रिया में किसी भी तरह से हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। हालाँकि, आप अपने मित्र के व्यवसाय का विज्ञापन करने के लिए कंपनी की ईमेल प्रणाली का उपयोग नहीं कर सकते।

**मैं किसी ऐसे व्यक्ति के साथ प्रेम संबंध में हूँ, जो हमारे एक ग्राहक के लिए काम करता है। हम काम के जरिए मिले। मैंने सुना है कि इसकी वजह से सभी प्रकार की अफवाहें फैली हुई हैं। क्या मुझे निजी जीवन जीने की अनुमति नहीं है?**
जैसा कि फ्रांस में "Vive l'amour" कहा जाता है। लेकिन कुछ मामलों में, L'Oréal का आपसे व्यक्तिगत संबंधों का खुलासा करने के लिए कहना वैध हित में होता है। पक्षपात की किसी भी अफवाह से बचने के लिए, आपको अपने प्रबंधक या अपने मानव संसाधन विभाग के साथ इस पर चर्चा करने की आवश्यकता है, जो स्थिति को गोपनीय और सम्मानजनक तरीके से संभालेंगे।

## आचरण में नैतिकता

हर साल, निदेशक मंडल हितों के टकराव को रोकने के उद्देश्य से निदेशकों की स्थिति का मूल्यांकन करता है।

## आप कैसे काम कर सकते हैं?

हमारी हितों के टकराव की नीति, हमारी ज़िम्मेदार पैरवी की नीति और हमारी सोशल मीडिया नीति को पढ़ें।
आपकी स्थानीय संस्था में हितों के टकराव के खुलासे की विशिष्ट प्रक्रियाएं हो सकती हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने मानव संसाधन प्रबंधक या नैतिकता प्रतिनिधि से संपर्क करें।

# भ्रष्टाचार से लड़ना

अपने कारोबार को **सत्यनिष्ठा** के साथ चलाने के लिए, भ्रष्टाचार के मामले में हमारी शून्य-सहिष्णुता की नीति है। जहाँ भी हम परिचालन करते हैं, वहाँ न केवल भ्रष्टाचार अवैध है, बल्कि इससे गरीबी, भेदभाव होता है और पर्यावरण को नुकसान भी पहुंचता है।

### हम ऐसा करेंगे

- ✓ हमें भ्रष्टाचार पर हमारी शून्य-सहिष्णुता नीति के विपरीत होने वाली किसी भी कार्रवाई के बारे में पता चलने पर तुरंत आवाज़ उठाते हैं।
- ✓ सभी देशों में, सुनिश्चित करें कि हमारे व्यवसायिक भागीदार और सार्वजनिक प्राधिकरणों के साथ हमारा प्रतिनिधित्व करने वाला कोई भी व्यक्ति हमारी भ्रष्टाचार-रोधी नीति का पालन करने के लिए सहमत है।
- ✓ हमारे व्यवसायिक भागीदारों को समान मानकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करें।
- ✓ हमें मिलने वाले किसी भी उपहार या आतिथ्य के बारे में बिना देर किए हमारे प्रबंधक को सूचित करें, भले ही उनका मूल्य और प्रकृति कुछ भी हो।

### हम ऐसा नहीं करेंगे

- ✕ समूह नीति के अनुसार पूर्व में दी गई छूट को छोड़कर, सार्वजनिक प्राधिकरण, राजनीतिक पक्ष या ट्रेड यूनियन के किसी भी प्रतिनिधि को कुछ भी मूल्यवान (धन, उपहार, मनोरंजन आदि) देने का वादा करना या देना।
- ✕ L'Oréal के उपहार और मनोरंजन कर्मचारी मार्गदर्शिका के उल्लंघन में कोई भी उपहार या मनोरंजन स्वीकार करना या देना।
- ✕ कुछ ऐसा करने के लिए दूसरों (मध्यस्थों, आपूर्तिकर्ताओं, आदि) का उपयोग करना, जिसे हमें सीधे करने की अनुमति नहीं है।

## आचरण में नैतिकता

हमारी शून्य-सहिष्णुता नीति में 'सुविधाकरण भुगतान', अर्थात वैध नियमित कार्यों में तेज़ी लाने के लिए सार्वजनिक प्राधिकरण के प्रतिनिधियों को छोटी राशि का भुगतान शामिल है।

## आप कैसे काम कर सकते हैं?

L'Oréal की **भ्रष्टाचार निवारण नीति, हमारा भ्रष्टाचार रोकना का तरीका मार्गदर्शिका, हमारा अपने आपूर्तिकर्ताओं के साथ काम करने का तरीका, हमारा वैज्ञानिक और स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के साथ काम करने का तरीका और हमारा लोकोपकार करने का तरीका मार्गदर्शिका** और साथ ही हमारी **ज़िम्मेदार पैरवी नीति** पढ़ें। आपकी संस्था में समूह भ्रष्टाचार निवारण कार्यक्रम कैसे लागू किया जाता है, इस बारे में अधिक जानकारी के लिए अपने आंतरिक नियंत्रण प्रबंधक या CFO से संपर्क करें।

### अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**अगर उत्पाद सीमाशुल्क के मामले में फँस जाएं और उन्हें छुड़ाने में हमें थोड़ी-सी राशि खर्च करनी पड़े, तो क्या हम वास्तव में किसी उत्पाद के लॉन्च में देरी करेंगे?**

उत्तर सरल है: हम बड़ी या छोटी, किसी भी रिश्वत का भुगतान नहीं करते हैं, भले ही इसकी वजह से हम व्यवसाय के अवसर खो दें।

**उपहार नीति सिर्फ हम जैसे सामान्य कर्मचारियों के लिए है। मुझे यकीन है कि शीर्ष प्रबंधन को बहुत सारे उपहार और 5-स्टार डिनर और गोल्फ़िंग ट्रिप के लिए निमंत्रण मिलते हैं और और उनमें से कोई भी उन पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देता है।**

समूह कार्यकारी समिति के सदस्य, समूह प्रबंध समिति के सदस्य और देश के प्रबंधक उसी तरह के नियमों के अधीन हैं, जैसा कि दूसरे लोग होते हैं और जब वे उपहार या निमंत्रण स्वीकार करने के लिए प्राधिकार मांगते हैं, तो उन्हें हमारे मुख्य नैतिकता अधिकारी को सूचित करना होता है।

**हम सबसे अच्छे ग्राहकों, पत्रकारों, चिकित्सकों आदि को जो उपहार देते हैं, उसके बारे में क्या विचार है। क्या यह भ्रष्टाचार है?**

अगर समझदारी से संभाला जाए, तो उपहारों और मनोरंजन से आपसी समझ बनाने और कामकाजी संबंधों को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। **हमारा भ्रष्टाचार रोकने का तरीका** में **हमारी उपहार और मनोरंजन कर्मचारी मार्गदर्शिका** से हमें यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि हम जो भी उपहार देते हैं वह वैध है और प्राप्तकर्ता के निर्णय लेने या L'Oréal के बारे में उनकी राय को प्रभावित नहीं करेगा।

# धोखाधड़ी और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों को रोकना

एक नैतिक कंपनी के रूप में, धोखाधड़ी के खिलाफ लड़ना हमारा कर्तव्य है, जैसा कि किसी अन्य बड़े संगठन में हो सकता है। हमें सटीक वित्तीय और व्यवसायिक रिकॉर्ड रखना चाहिए और अपना व्यवसाय **सत्यनिष्ठा** से चलाना चाहिए। इसके अलावा, हमें अपने व्यवसायिक भागीदारों को जानने और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नीतियों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सम्यक तत्परता लाने की आवश्यकता है।

### हम ऐसा करेंगे

- ✓ धोखाधड़ी को रोकने (आंतरिक नियंत्रण ढांचा, कर्तव्यों का पृथक्करण, धोखाधड़ी जागरूकता प्रशिक्षण, भुगतान धोखाधड़ी रोकथाम, आदि) के लिए स्थापित आंतरिक नीतियों का अनुपालन करना।
- ✓ यह सुनिश्चित करना कि प्राधिकार के बिना कंपनी की परिसंपत्ति की चोरी, खोने, क्षतिग्रस्त या दुरुपयोग, उधार, हस्तांतरण, बिक्री या दान न हो।
- ✓ धोखाधड़ी के सभी संदेहों की हमारे नैतिक मानकों के अनुसार जाँच करना।
- ✓ विश्वसनीय व्यवसायिक भागीदारों के साथ काम करने के लिए आंतरिक उचित सावधानी प्रक्रियाओं का पालन करना।
- ✓ सटीक वित्तीय और व्यवसायिक रिकॉर्ड बनाए रखना और रिकॉर्ड पर किसी भी दिशा-निर्देश का पालन करना।

### हम ऐसा नहीं करेंगे

- ✗ हमारी खरीद प्रक्रियाओं को अनदेखा करके कंपनी की ओर से खरीदारी करना।
- ✗ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष पुरस्कार प्राप्त करने के लिए बिक्री या वित्तीय रिपोर्टिंग में हेरफेर करना।
- ✗ उन देशों और भागीदारों के साथ काम, जो प्रतिबंधों और प्रतिषेधों के अधीन हैं।
- ✗ हमारे पास आंतरिक जानकारी होने के दौरान आंतरिक जानकारी का खुलासा न करना और न ही शेयर खरीदना या बेचना।

## आचरण में नैतिकता

हर साल, सभी संस्थाओं को हमारे धोखाधड़ी रोकथाम कार्यक्रम से अवगत कराया जाता है। ज़रूरत पड़ने पर जाँच और कार्रवाई योजना लागू की जाती है।

परिचय
नैतिक सिद्धांत
मानवाधिकार
आवाज उठाएं

व्यवसाय के रूप में

नियोक्ता के रूप में

ज़िम्मेदार संगठन के रूप में

संपर्क

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**क्या अधिकांश धोखाधड़ी कर्मचारियों के बजाय तीसरे पक्ष द्वारा नहीं की जाती है? क्या हमें वास्तव में इतने सारे नियमों की आवश्यकता है, जो हमारी गति को धीमा कर दें?**

धोखाधड़ी कई तरह की होती है। कुछ कर्मचारियों की वजह से होती हैं, जैसे कि कंपनी की परिसंपत्ति चोरी करना, खर्च के दावों में हेरफेर करना या वित्तीय विवरणों की गलत जानकारी देना। कुछ बाहरी लोगों के कारण होती हैं, जैसे चोरी हुए क्रेडिट कार्ड से भुगतान या साइबर हमले। L'Oréal के पास कंपनी की सुरक्षा के लिए एक व्यापक धोखाधड़ी रोकथाम कार्यक्रम है और सभी प्रकार की धोखाधड़ी से लड़ने के लिए सभी को भूमिका निभानी होती है।

**कुछ टीमों के पास बहुत सारे मुफ्त उत्पादों तक पहुंच होती है और वे उन्हें घर ले जाते हैं, कोई सवाल नहीं पूछा जाता। क्या यह कंपनी से की गई चोरी नहीं है?**

हर कोई समझता है कि अगर आप किसी विशिष्ट उत्पाद पर काम कर रहे हैं, तो आप उनमें से कुछ को अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए ले सकते हैं। महत्वपूर्ण बात है, समझदारी, अपने प्रबंधक के साथ पात्रता और **पारदर्शिता** की भावना का अभाव। बेशक, उत्पादों का फिर से बेचना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। जब आवश्यक हो, एक स्थानीय नीति कर्मचारियों के लिए मुफ्त उत्पादों तक पहुंच की रूपरेखा तैयार कर सकती है।

**हम यह कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं कि हमारी प्रस्तुतियां और रिपोर्ट वास्तव में सटीक हैं और वास्तविकता को अधिक आकर्षक बनाने की कोशिश नहीं करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप गलत निर्णय ले लिए जाएं?**

यहीं पर हम अपने तीन नैतिक सिद्धांतों - **सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता** और **साहस** का प्रदर्शन कर सकते हैं। अगर आप जानकारी को गलत तरीके से प्रस्तुत करने का कोई दबाव महसूस कर रहे हैं, तो आवाज़ उठाएं।

## आप कैसे काम कर सकते हैं?

आंतरिक नियंत्रण के बुनियादी सिद्धांत और स्टॉक मार्केट नीति संहिता को पढ़ें। धोखाधड़ी/ एंटी मनी लॉन्ड्रिंग/ निषेध नीतियां आपकी संस्था में आपकी गतिविधियों पर लागू होती हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने कानूनी प्रबंधक, आंतरिक नियंत्रण प्रबंधक या □□□ से संपर्क करें।

## अपनी प्रतिबद्धताओं पर खरा उतरने वाला

# नियोक्ता


| | |
|---|---|
| सही कार्य स्थितियां सुनिश्चित करना | 38 |
| नेतृत्वकर्ताओं और प्रबंधकों की भूमिका | 40 |
| विविधता, समानता और समावेशन (DE&I) को बढ़ावा देना | 42 |
| कार्यस्थल पर सम्मान सुनिश्चित करना | 44 |

परिचय
नैतिक सिद्धांत
मानवाधिकार
आवाज उठाएं

व्यवसाय के रूप में

नियोक्ता के रूप में

ज़िम्मेदार संगठन के रूप में

संपर्क

# सही कार्य स्थितियां सुनिश्चित करना

प्रत्येक व्यक्ति का स्वास्थ्य, सुरक्षा, भलाई और बचाव हमारी प्राथमिकता है। हम अपने कर्मचारियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा करने का ध्यान रखते हैं, चाहे वे घर से काम कर रहे हों, कार्यालय में हों या कार्य के लिए यात्रा कर रहे हों। हम कार्य पर उच्च गुणवत्ता और परिपूर्ण जीवन प्रदान करते हैं।

## हम ऐसा करेंगे

- ✓ पेशेवर और निजी जीवन के बीच संतुलन का सम्मान करना।
- ✓ यह सुनिश्चित करना कि हम अपनी गतिविधियों पर लागू होने वाले विभिन्न स्वास्थ्य, सुरक्षा, भलाई और बचाव के नियमों से अवगत हैं और उनका सम्मान करते हैं।
- ✓ एक सुरक्षित और सकुशल परिवेश सुनिश्चित करने के लिए सही उपकरण और सेवाएं प्रदान करना।
- ✓ हमारे परिसर में हमारे व्यवसायिक भागीदारों और आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना।

## हम ऐसा नहीं करेंगे

- ✗ व्यवसायिक दबाव की परवाह किए बिना हमारे स्वास्थ्य, सुरक्षा और बचाव के नियमों की उपेक्षा करना।
- ✗ हमारी कार्रवाइयों से खुद को या दूसरों को जोखिम में डालना।
- ✗ अत्यधिक कार्यभार की स्थितियों को नज़रअंदाज़ करना।



## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**कई स्वास्थ्य समस्याएं तनाव से जुड़ी होती हैं। इस विषय पर L'Oréal की कार्य योजना क्या है?**

शेयर एंड केयर कार्यक्रम के तहत, दुनिया भर में हमारे सभी परिचालनों में तनाव निवारण में प्रशिक्षण सत्रों को संबोधित किया जा रहा है। हमारे वार्षिक कर्मचारी सर्वेक्षण, पल्स का उद्देश्य इसे मापने में मदद करना और सुधारात्मक कार्य योजनाओं को लागू करना है।

**कंपनी कार्य पर गुणवत्ता और परिपूर्ण जीवन को कैसे अपनाएगी?**

हमारा उद्देश्य प्रत्येक कर्मचारी को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य, पेशेवर/व्यक्तिगत जीवन संतुलन और काम करने की स्थिति जैसे सभी घटकों में उनके प्रदर्शन और पूर्ति के स्तर को अनुकूलित करने में मदद करने के लिए समर्थन करना है। हम काम करने के नए तरीकों से मेल खाने के लिए अपने कार्यस्थलों को उच्चतम स्तर के सहयोग, चपलता और दक्षता तक बढ़ाते हैं और प्रत्येक कर्मचारी को एक स्वस्थ और परिपूर्ण कार्यालय अनुभव प्रदान करते हैं। हम कार्य संगठन के लचीलेपन का विस्तार करते हैं और हाइब्रिड आधार पर काम करने के नए तरीकों पर विचार करते हैं क्योंकि यह दोनों दुनिया की सर्वश्रेष्ठ स्थितियों पर आधारित है - यानी साइट पर और घर से काम करते समय सबसे अच्छा काम।

**कंपनी कर्मचारियों के लिए सही और सुरक्षित कार्य करने की स्थिति कैसे सुनिश्चित करती है?**

स्वास्थ्य, सुरक्षा और बचाव कंपनी के लिए मुख्य ज़िम्मेदारियां हैं। सभी लोगों को एक सुरक्षित वातावरण में काम करने की सुविधा देने के लिए आवश्यक उपाय करने में लाइन प्रबंधन का समर्थन करने के लिए सुरक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य और बचाव दल ज़िम्मेदार होते हैं। उन्हें विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के माध्यम से संचारित और समझाया जाता है। जब स्वास्थ्य संकट होता है, जैसे कि कोविड, तो प्रबलित सुरक्षा उपाय तुरंत किए जाते हैं और सभी कर्मचारियों द्वारा लागू किए जाने चाहिए। अगर हम देखते हैं कि स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी चिंताएं बीमारी या चोट का कारण बन सकती हैं, तो हस्तक्षेप करना हम सभी की ज़िम्मेदारी होती है।

## आचरण में नैतिकता

L'Oréal का शेयर एंड केयर कार्यक्रम चार स्तंभों पर आधारित है: सुरक्षा, स्वास्थ्य, संतुलन और कार्यस्थल। इसका उद्देश्य तेज़ी से बदलते परिवेश के लिए पूरी तरह से अनुकूल होने और वर्तमान समय के साथ बने रहने के लिए नए दृष्टिकोण और सुविधाएं प्रदान करना है।

## आप कैसे काम कर सकते हैं?

हमारी **मानवाधिकार** और **कर्मचारी मानवाधिकार** नीतियां और हमारी **सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली** के दस्तावेज़ पढ़ें।
हमारी **सार्वजनिक सुरक्षा** नीति और हमारे **व्यवसायिक यात्रा सुरक्षा** दिशानिर्देश पढ़ें।
अपनी स्थानीय स्वास्थ्य, सुरक्षा और भलाई की पहलों में शामिल हों।
ऐसी विशिष्ट स्वास्थ्य, सुरक्षा, भलाई और सुरक्षा नीतियां हो सकती हैं, जो आपकी गतिविधि या आपकी संस्था पर लागू होती हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने स्थानीय स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधक से संपर्क करें।

# नेतृत्वकर्ताओं और प्रबंधकों की भूमिका

नेतृत्वकर्ताओं और प्रबंधकों की अतिरिक्त ज़िम्मेदारियां होती हैं क्योंकि वे मिसाल पेश करते हैं। अपने नेतृत्व के माध्यम से, नैतिक संस्कृति को बढ़ावा देने और हमारे नैतिक सिद्धांतों पर कार्य करने के लिए सभी कर्मचारियों का समर्थन करने में प्रबंधकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

## मैं किस तरह से सबसे अच्छी मिसाल पेश कर सकता हूँ?

आपके दैनिक व्यवहार से परे, हम आपसे अपेक्षा करते हैं कि आप नैतिक प्रश्नों के उठने और उन पर चर्चा करने के लिए परिस्थितियां तैयार करें। L'Oréal में नैतिकता को आप कितना महत्व देते हैं, यह दर्शाने के लिए कुछ सरल कार्रवाइयां हैं, जैसे:

- ✔ नैतिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए वर्ष के दौरान (और न केवल नैतिकता दिवसों के दौरान) के अवसर पता करें (आपके नैतिकता संवाददाता को भी आमंत्रित किया जा सकता है)।
- ✔ अपनी टीम की चिंताओं को सुनने के लिए उपलब्ध रहें।
- ✔ सुनिश्चित करें कि आपकी टीम और विशेष रूप से नए कर्मचारी नीति संहिता और प्रासंगिक व्यावहारिक मार्गदर्शिकाओं से अवगत हैं, और यह कि उन्होंने उन्हें समझ लिया है।
- ✔ अपनी टीम के साथ नियमित रूप से उन नैतिक दुविधाओं को साझा करें, जिनका आपने सामना किया है या जो आपके काम के साथ-साथ आपके द्वारा प्रदान किए गए उत्तरों में उत्पन्न हो सकती हैं।
- ✔ जब भी आपके पास ऐसा अवसर हो, नैतिक और साहसी व्यवहार को पहचानें और उसे महत्व दें।
- ✘ अपनी टीम से कभी भी यह न पूछें या न ही सुझाव दें कि वे नीति संहिता का सम्मान नहीं करते हैं।

## मैं अपनी टीम के प्रश्नों का सर्वोत्तम उत्तर कैसे दे सकता हूँ?

नैतिक मुद्दे शायद ही कभी सरल होते हैं, लेकिन उन्हें टाला नहीं जाना चाहिए। क्योंकि सभी नैतिक प्रश्न पूछने योग्य होते हैं और क्योंकि किसी को भी नैतिक चिंता का सामना करते हुए अकेले नहीं खड़ा होना चाहिए:

- ✔ अपने कर्मचारियों को सुनने के लिए समय निकालें; उनके लिए नैतिक प्रश्न उठाना आसान नहीं होता है।
- ✔ मदद और सलाह विनम्रता के साथ दें। नैतिक प्रश्न आसान नहीं होते हैं और हो सकता है कि आपके पास उनके उत्तर न हों। आप इसे मान सकते हैं। भरोसे के रिश्ते में मज़बूत आएगी।
- ✔ अगर आप नहीं जानते कि उनके प्रश्नों का उत्तर कैसे देना है, तो उन्हें उस व्यक्ति के पास भेजें, जो सलाह देने में सबसे अधिक सक्षम हो।



परिचय
नैतिक सिद्धांत
मानवाधिकार
आवाज उठाएं

व्यवसाय के रूप में

**नियोक्ता के रूप में**

ज़िम्मेदार संगठन के रूप में

संपर्क

## मैं अपनी निर्णय लेने की प्रक्रिया में नैतिकता को कैसे शामिल करूँ?

- ✓ आप जिस भी स्थिति में हों, उस पर सवाल उठा सकते हैं।
- ✓ जब आपको कोई निर्णय लेना हो, तो नैतिक निर्णय ट्री और नैतिक नीतियां देखें।
- ✓ नैतिकता ई-लर्निंग को पूरा करने से आपको सर्वोत्तम नैतिक निर्णय लेने में भी मदद मिलती है।
- ✓ अगर आपने नैतिक कारणों से और गोपनीयता के हमारे नियमों के अधीन निर्णय लिया है, तो इसे अपनी टीम के साथ साझा करें, जिससे कि वे आपके ज्ञान से लाभ उठा सकें और आपके उदाहरण का अनुसरण कर सकें।

## प्रबंधक कैसे प्रदर्शित कर सकते हैं कि वे आवाज़ उठाने का समर्थन करते हैं?

यह प्रत्येक प्रबंधक की भूमिका का हिस्सा है।

उन्हें ऐसा करना चाहिए:

- ✓ सुनिश्चित करें कि उनकी टीम ने आवाज उठाएं नीति को पढ़ लिया है।
- ✓ अगर आवश्यक हो, तो नियमित रूप से और स्पष्ट रूप से अपनी टीम को आवाज़ उठाने के लिए प्रोत्साहित करें।
- ✓ उनकी टीम को आवाज़ उठाने की प्रक्रिया समझाने के लिए उनके नैतिकता संवाददाता को आमंत्रित करें।

## आचरण में नैतिकता

नैतिक नेतृत्व स्व-मूल्यांकन एक व्यक्तिगत और गोपनीय विकास टूल है, जो वरिष्ठ प्रबंधकों को उनके नैतिक नेतृत्व के स्तर का आकलन करने और सुधार के लिए सुझाव प्रदान करने में सक्षम बनाता है।

# विविधता, समानता और समावेशन (DE&I) को बढ़ावा देना

हम उन लोगों की तरह विविध होने का लक्ष्य रखते हैं. जिनकी हम सेवा करते हैं और हम सभी प्रकार के भेदभाव के खिलाफ लड़ते हैं। हम सभी के लिए उचित व्यवहार, पहुंच, उन्नति और अवसरों को बढ़ावा देते हैं। हम समावेशन और अपनेपन की संस्कृति बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसमें सभी कर्मचारियों को कामयाब होने और अपनी क्षमता को सामने लाने के लिए जगह मिलती है।

## हम ऐसा करेंगे

- ✔ भर्ती, प्रशिक्षण, पदोन्नति, निरंतर रोजगार और काम करने की स्थिति सहित सभी निर्णयों के साथ ही व्यवसायिक भागीदारों के साथ हमारे संबंधों में भी भेदभाव को प्रतिबंधित करना।
- ✔ उन लोगों और समूहों के प्रति हमारी सतर्कता को मज़बूत करना, जो भेदभाव का अनुभव करने की अधिक संभावना रखते हैं (जैसे दिव्यांग लोग, LGBTQIA+ समुदाय के सदस्य, शरणार्थी या स्वदेशी आबादी)।
- ✔ ऐसे समावेशी कार्यस्थल की अपेक्षा करना और उसे बढ़ावा देना, जहाँ विभिन्न व्यक्तिगत स्थितियों या पृष्ठभूमि वाले लोगों के बीच आपसी सम्मान और समझ मज़बूत हो।
- ✔ दिव्यांग लोगों और कम प्रतिनिधित्व वाले सामाजिक-आर्थिक और/या सांस्कृतिक मूल के लोगों के पेशेवर एकीकरण में तेज़ी लाना।

## हम ऐसा नहीं करेंगे

- ✘ लिंग, लैंगिक पहचान, यौन रुझान, दिव्यांगता, उम्र, राजनीतिक या दार्शनिक राय, धर्म, संघ की सदस्यता, जातीय, सामाजिक, सांस्कृतिक या राष्ट्रीय मूल या राष्ट्रीय कानून द्वारा निषिद्ध किसी भी अन्य आधार पर भेदभाव करना।
- ✘ नस्लवादी, अभद्र, धर्मविरोधी, समलैंगिकों के प्रति नफरत, ट्रांसजेंडर लोगों के प्रति नफरत या धार्मिक रूप से असहिष्णु टिप्पणियों या व्यवहारों में शामिल होना या उन्हें सहन करना।



## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**क्या मैं L'Oréal से अपने काम के घंटों को अपने धार्मिक विश्वासों के अनुरूप ढालने के लिए कह सकता हूँ?**

हम विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक आवश्यकताओं के कर्मचारियों के पालन को यथोचित रूप से समायोजित करने का प्रयास करते हैं, जब तक कि इससे कोई स्वास्थ्य और सुरक्षा के मुद्दे पैदा नहीं होते हों, व्यवसायिक आवश्यकताओं के अनुकूल हो और एक समावेशी कार्य परिवेश बनाए रखने में योगदान देता हो। यह देखने के लिए कि आपके विशिष्ट मामले में क्या संभव है, आपको अपने प्रबंधक और HR के साथ इस पर चर्चा करने की ज़रूरत है।

**मुझे कभी-कभी कार्यस्थल पर (महिलाओं, LGBTQIA+, धर्मों आदि के बारे में) अश्लील चुटकुले सुनने को मिलते हैं और मुझे नहीं पता कि इस पर कैसे प्रतिक्रिया दूं। मुझे डर है कि अगर मेरी टीम को लगता है कि मेरे पास हास्य की भावना नहीं है, तो उनके द्वारा मुझे खारिज कर दिया जाएगा।**

हमें भी नहीं लगता कि इस तरह के चुटकुले मज़ाकिया भी होते हैं। कोशिश करें और अपने ऐसे सहकर्मियों से बातचीत करें, जिन्हें यह नहीं पता है कि जो हानिरहित मज़ा लगता है, वह वास्तव में हानिकारक और अनुचित है। आप HR या DE&I लीड्स या अपने नैतिकता संवाददाता से भी मदद ले सकते हैं, या आवाज उठाएं के माध्यम से चिंता व्यक्त कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 50 वर्ष से अधिक है और मुझे लगता है कि L'Oréal अनुभव को महत्व नहीं देता। केवल युवा लोगों को ही गंभीरता से लिया जाता है, चाहे वे अपना काम कैसे भी करें। क्या विविधता को बढ़ावा देना और उम्र के पहलुओं को छोड़ देना नैतिक है?**

योग्यताएं और कौशल आंतरिक रूप से व्यक्ति की उम्र से जुड़े नहीं होते हैं। सभी कर्मचारी, चाहे उनकी उम्र कुछ भी हो, एक व्यक्तिगत कैरियर चर्चा से लाभान्वित होते हैं। हम व्यक्तिगत आकांक्षाओं और प्रदर्शन के आधार पर सभी को पेशेवर अवसर प्रदान करने के लिए काम करते हैं। हम एक समावेशी कार्यस्थल को बढ़ावा देने के लिए रिवर्स मेंटरिंग प्रोग्राम को बढ़ावा देने के साथ-साथ अनुभवी कर्मचारियों के योगदान को साझा करते हैं।

## आचरण में नैतिकता

L'Oréal हर साल संयुक्त राष्ट्र महिला अधिकारिता सिद्धांतों और व्यवसाय के लिए आचरण के LGBTIQ+ मानकों के तहत अपनी प्रगति पर रिपोर्ट करता है।

## आप कैसे काम कर सकते हैं?

हमारी मानवाधिकार नीति, हमारी **कर्मचारी मानवाधिकार नीति** और हमारा **DE&I घोषणापत्र** पढ़ें।
देखें कि हम 'ज़िम्मेदारी से संचार करना' अध्याय में अपने विज्ञापन और मार्केटिंग में विविधता कैसे सुनिश्चित करते हैं।
ऐसी विशिष्ट विविधता नीतियाँ हो सकती हैं, जो आपकी गतिविधि या आपकी संस्था पर लागू होती हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने मानव संसाधन प्रबंधक या विविधता, समानता और समावेशन नेतृत्व से संपर्क करें।

# कार्यस्थल पर सम्मान सुनिश्चित करना

हम एक ऐसा कार्यस्थल चाहते हैं, जो उत्पीड़न या डराने-धमकाने, अपमान, शत्रुता और किसी भी प्रकार के यौन उत्पीड़न या अभद्र व्यवहार से मुक्त हो और जहाँ हर कोई एक सहयोगी और सम्मानजनक परिवेश में काम कर सके और कामयाब हो सके। उत्पीड़न के प्रति हमारी शून्य-सहिष्णुता की नीति है।

### हम ऐसा करेंगे

- ✓ एक दूसरे के साथ सम्मान, गरिमा और निष्पक्षता से व्यवहार करना और प्रभावी टीमवर्क और सहयोग के माध्यम से सफलता प्राप्त करना जारी रखना।
- ✓ L'Oréal द्वारा हमारे परिसर के बाहर और भीतर आयोजित कार्यक्रमों के दौरान दूसरों के प्रति सम्मानपूर्वक व्यवहार करना।
- ✓ अन्य लोगों के विचारों और योगदानों को पहचानना और सफलता और असफलताओं को साझा करना।
- ✓ रचनात्मक और सम्मानजनक मानसिकता में प्रतिक्रिया देना और प्राप्त करना।

### हम ऐसा नहीं करेंगे

- ✗ मनोवैज्ञानिक या शारीरिक शोषण सहित किसी भी शत्रुतापूर्ण कार्य परिवेश को सहन करना।
- ✗ हमारे सहयोगियों के बारे में दुर्भावनापूर्ण अफवाहें शुरू करना या दोहराना।
- ✗ एक ऐसे व्यक्ति को दोष देना, जिसने अपमानजनक स्थिति के बारे में असुविधा व्यक्त की हो।

## आचरण में नैतिकता

हर साल, L'Oréal अपने सभी कर्मचारियों को धमकी, यौन उत्पीड़न और भेदभाव के मामलों की संख्या के बारे में सूचित करता है। यह सुनिश्चित करने के लिए उचित उपाय किए जाते हैं कि हर कोई आवाज़ उठाने में सुरक्षित महसूस करे।

## आप कैसे काम कर सकते हैं?

**हमारी मानवाधिकार नीति, हमारी कर्मचारी मानवाधिकार नीति और सरलता घोषणापत्र पढ़ें।**
ऐसी विशिष्ट नीतियां हो सकती हैं, जो आपकी गतिविधि या आपकी संस्था पर लागू होती हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने मानव संसाधन प्रबंधक से संपर्क करें।

### अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**'धमकाना' से L'Oréal का वास्तव में क्या मतलब है?**

हम शारीरिक शोषण या अपमान को अस्वीकार्य मानते हैं। इसके अलावा, अधिक सुरक्षात्मक कानून के अभाव में, धमकी में इस तरह से कार्य करना भी शामिल हो सकता है, जिसका उद्देश्य संकट पैदा करना हो, जानबूझकर किसी व्यक्ति को गलती करने के लिए उकसाना, दूसरों के सामने किसी को अपमानित करना या शारीरिक या सामाजिक अलगाव (तथाकथित 'चुप' इलाज')।

**L'Oréal का वास्तव में 'अभद्र व्यवहार' या 'यौन उत्पीड़न' से क्या मतलब है?**

परिस्थितियों के आधार पर, कुछ व्यवहारों को अनुचित माना जा सकता है। इसमें अवांछित या अनुचित शारीरिक संपर्क, ईमेल, चुटकुले, दिखावे और अन्य इशारे, टिप्पणियां, कामुक प्रकृति के आमंत्रण या अनुरोध और कामुक प्रकृति के दस्तावेज़ों, पोस्टर, वस्तुओं आदि का वितरण या प्रदर्शन शामिल है। यौन उत्पीड़न सभी लिंगों को प्रभावित कर सकता है और यह श्रेणीबद्ध कड़ियों तक सीमित नहीं है। हम मानते हैं कि नौकरी में उन्नति या यौन अनुग्रह पर रोजगार के किसी भी अन्य लाभ को अनुकूलित करना अस्वीकार्य है।

**हम सभी एक वरिष्ठ प्रबंधक या सहकर्मी के मामलों को जानते हैं, जो धौंस जमाने वाले या इश्कबाज़ व्यक्ति के रूप में जाने जाते हैं। क्या ये नियम सभी पर लागू होते हैं?**

अगर आप किसी ऐसे व्यक्ति को जानते हैं, जो अनुपयुक्त व्यवहार कर रहा है, तो यह न मानें कि प्रबंधन जानता है या कोई और इससे निपटेगा। आवाज़ उठाएं और मामले की जाँच की जाएगी। कोई भी व्यक्ति हो, संगठन में उनका स्तर जो भी हो, नियमों से ऊपर नहीं है।

परिचय
नैतिक सिद्धांत
मानवाधिकार
आवाज उठाएं

व्यवसाय के रूप में

नियोक्ता के रूप में

ज़िम्मेदार संगठन के रूप में

संपर्क

# ज़िम्मेदार संगठन

| | |
|---|---|
| ग्रहों की सीमाओं का सम्मान करना | 46 |
| एक बेहतर समाज के लिए योगदान देना | 48 |
| ज़िम्मेदार पैरवी को बढ़ावा देना | 49 |
| ज़िम्मेदार कर नागरिक बनना | 51 |

परिचय
नैतिक सिद्धांत
मानवाधिकार
आवाज उठाएं
व्यवसाय के रूप में
नियोक्ता के रूप में
ज़िम्मेदार संगठन के रूप में
संपर्क

# ग्रहों की सीमाओं का सम्मान करना

हम ग्रह की सीमाओं का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और पर्यावरण विज्ञान द्वारा परिभाषित किए गए अनुसार, पर्यावरण के अनुकूल बन सकते हैं। हमने जलवायु, जल, जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों पर हमारी सभी गतिविधियों के प्रभाव को सीमित करने के लिए परिमाणात्मक लक्ष्य निर्धारित किए हैं। हमारे व्यवसाय मॉडल के रूपांतरण से परे, हम दुनिया की सबसे अधिक दबाव वाली पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करने में मदद करना चाहते हैं, इस प्रकार हम पारिस्थितिक तंत्र के उत्थान और परिपत्र अर्थव्यवस्था के विकास में निवेश कर रहे हैं। हम अपनी उपलब्धियों के साथ-साथ अपनी चुनौतियों के बारे में भी पारदर्शी तरीके से संवाद करना जारी रखेंगे।

### हम ऐसा करेंगे

- ✓ L'Oréal में हमारी जो भी भूमिका हो, पर्यावरण पर हमारे प्रभाव को सीमित करने के तरीकों को खोजने में सक्रिय रहना।
- ✓ हमारे द्वारा लिए गए प्रत्येक निर्णय के पर्यावरणीय प्रभाव को ध्यान में रखना।
- ✓ ऐसे आपूर्तिकर्ताओं की तलाश करना, जो हमारी प्रतिबद्धताओं को साझा करते हों।
- ✓ हमारे भागीदारों और उपभोक्ताओं को हमारी स्थायी यात्रा पर साथ ले चलना।

### हम ऐसा नहीं करेंगे

- ✗ नुकसानदेह या बेकार प्रथाओं को असंबोधित या अनसुलझे छोड़ देना, जैसे आकस्मिक प्रदूषण।
- ✗ पर्यावरण की दृष्टि से सम्मानजनक कानून से छूट प्राप्त करना या उसकी पैरवी करना।



परिचय
नैतिक सिद्धांत
मानवाधिकार
आवाज उठाएं
व्यवसाय के रूप में
नियोक्ता के रूप में
ज़िम्मेदार संगठन के रूप में
संपर्क

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**जब हमें ऑर्डर का एक बड़ा बैकलॉग पूरा करना हो, उस समय अगर किसी उपकरण की विफलता से हमारे किसी कारखाने में किसी भी प्रकार का प्रदूषण हो सकता है और उसके पुर्ज़ों को प्राप्त करने और मरम्मत करने में तीन दिन लगने वाले हों, तो क्या हम वास्तव में उत्पादन को रोक सकते हैं?**

हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। हमारे ग्रह की सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अल्पकालिक लाभ या उत्पादन कार्यक्रम से अधिक महत्वपूर्ण है। और अनुभव बताता है कि मध्यम/दीर्घावधि में, एक ज़िम्मेदार कंपनी होना परिचालन का लाइसेंस है। हम मिसाल पेश कर सकते हैं।

**हम अपने कई उत्पादों में उपयोग की जाने वाली कुछ अत्यधिक पैकेजिंग को कैसे उचित ठहराते हैं?**

पैकेजिंग सामग्री को कम करना हमारी सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। समूह की एक महत्वाकांक्षी सस्टेनेबल पैकेजिंग नीति है जो उपयोग की जाने वाली सामग्री की मात्रा को कम (रीडिज़ाइन, आकार परिवर्तन और पुनः उपयोग करके) करना चाहती है, दुष्प्रभाव वाली सामग्रियों को ऐसी सामग्रियों से प्रतिस्थापित करती है, जिनके बेहतर पर्यावरणीय फ़ुटप्रिंट हैं और अधिक रीसायकल होती हैं। हमने 2030 के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं: 2030 तक, हमारी पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाला 100% प्लास्टिक पुनर्नवीनीकृत या जैव-आधारित स्रोतों से होगा।

**एक सामाजिक ऑडिट के बाद हमारे पर्यावरण मानकों पर एक आपूर्तिकर्ता को खराब रेटिंग दी गई है। L'Oréal के नियमों के अनुसार, मैं उनके साथ तब तक काम करना जारी नहीं रख सकता, जब तक कि वे सुधारात्मक कार्य योजना के लिए सहमत न हों और एक अनुवर्ती ऑडिट से न गुजरें। लेकिन वे ऐसा करने से इनकार कर रहे हैं क्योंकि वे जानते हैं कि वे मुझे आवश्यक उत्पाद प्रदान करने के लिए सबसे अधिक किफायती आपूर्तिकर्ता हैं। मैं क्या कर सकता हूँ?**

आपको यह देखने के लिए अपने प्रबंधन से मदद लेनी चाहिए कि क्या वे आपूर्तिकर्ता को समझाने में आपकी मदद कर सकते हैं। अगर आपूर्तिकर्ता अभी भी सहयोग करने से इनकार करता है, तो L'Oréal में हमारी नीति यह है कि यदि कोई आपूर्तिकर्ता लगातार हमारे नैतिक मानकों को पूरा करने में विफल रहता है या सुधार की कोई इच्छा नहीं दिखाता है, तो संबंधों को समाप्त करने का साहस दिखाना चाहिए। एक अग्रणी कंपनी के रूप में हमारी ज़िम्मेदारी यह है कि हम लागत के लिए नैतिक, पर्यावरण और सामाजिक मानकों से समझौता न करें।

## आचरण में नैतिकता

जलवायु, जल, जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों पर भविष्य के कार्यक्रम के लिए हमारे L'Oréal में निर्धारित L'Oréal के सतत विकास लक्ष्य हमारे उद्योग में सबसे महत्वाकांक्षी हैं।

## आप कैसे काम कर सकते हैं?

हमारी 2030 की महत्वाकांक्षाओं के बारे में और पढ़ें।
ऐसी विशिष्ट पर्यावरणीय नीतियां हो सकती हैं, जो आपकी गतिविधि पर लागू होती हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने सस्टेनेबिलिटी लीडर से संपर्क करें।

# एक बेहतर समाज के लिए योगदान देना

हम उद्योग के नेतृत्वकर्ता हैं और एक सफल कंपनी हैं। जिन देशों और समुदायों में हम काम करते हैं, उन पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए हम अपनी ज़िम्मेदारी महसूस करते हैं। हमारे परोपकारी निवेश मुख्य रूप से दुनिया भर में महिलाओं का समर्थन करने पर केंद्रित हैं। वित्तीय योगदान से परे, हम कठिनाइयों में रहने वाले हमारी वैल्यू चेन के सभी लोगों को शामिल करने या कमज़ोर समुदायों के लोगों को रोजगार देने वाले आपूर्तिकर्ताओं को हमारी वैश्विक खरीद के अनुपात को निर्देशित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### हम ऐसा करेंगे

- ✔ गैर-लाभकारी सार्वजनिक-हित वाले संगठनों का समर्थन करना।
- ✔ विशेष रूप से हमारे आपूर्तिकर्ताओं की गतिविधियों में कमज़ोर समुदायों की हमारी वैल्यू चेन एकीकरण को आगे बढ़ाना।
- ✔ यह सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रक्रिया अपनाना कि हमारे साझेदार और प्रोजेक्ट समूह के मानकों को पूरा करते हैं और सार्थक प्रभाव डालते हैं।
- ✔ हमारे भागीदारों से हमें नियमित रूप से प्रगति, आवंटित धन या संसाधनों के उपयोग और उनके प्रभाव के बारे में अपडेट करने के लिए कहना।

### हम ऐसा नहीं करेंगे

- ✘ ऐसे कार्यों या साझेदारियों में शामिल होना, जो हमारे नैतिक सिद्धांतों को परिलक्षित न करती हो।
- ✘ इससे पहले कि हम जाँच करें कि हमारे पास लंबी अवधि में हमारी परोपकारी परियोजना का समर्थन करने के लिए वित्तीय, मानव और तकनीकी संसाधन हैं, एक प्रतिबद्धता बनाना।
- ✘ हमारे धर्मार्थ योगदान या अन्य परोपकारी गतिविधियों का उपयोग हमारे पक्ष में किसी सार्वजनिक निर्णय को प्रभावित करने के तरीके के रूप में करना।

## आचरण में नैतिकता

Fondation L'Oréal तीन प्रमुख क्षेत्र: वैज्ञानिक शोध, समावेशी सौंदर्य और जलवायु कार्रवाई पर ध्यान केंद्रित करते हुए महिलाओं को उनके भविष्य को आकार देने और समाज में बदलाव लाने के लिए समर्थन और अधिकार देता है।

## आप कैसे काम कर सकते हैं?

हमारी मानवाधिकार नीति और
हमारा लोकोपकार करने का तरीका मार्गदर्शिका पढ़ें।
ऐसी विशिष्ट लोकोपकार नीतियाँ हो सकती हैं, जो आपकी गतिविधि या आपकी संस्था पर लागू होती हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने सस्टेनेबिलिटी लीडर से संपर्क करें।

### अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**जिस अस्पताल में मैं हर हफ्ते स्वयंसेवा करता हूँ, वह हर किसी से नए स्वयंसेवकों की भर्ती में मदद करने के लिए कह रहा है और वह चाहता है कि मैं L'Oréal को और अधिक शामिल करूं। मेरे कई सहयोगियों की रुचि हो सकती है। क्या मुझे उनसे सीधे बात करनी चाहिए?**
अगर आप कंपनी के भीतर अपने दोस्तों के एक छोटे से समूह से संपर्क करते हैं, उन पर कोई दबाव नहीं डालते हैं और किसी भी धर्मांतरण से बचते हैं, तो यह ठीक है। इसके अलावा, यदि यह अस्पताल L'Oréal की परोपकारी कार्यनीति के अनुरूप अवसर का प्रतिनिधित्व करता है, तो आपको अपनी संस्था में लोकोपकार के प्रभारी व्यक्ति से बात करनी चाहिए, ताकि आप देख सकें कि क्या आप कंपनी को अस्पताल के साथ साझेदारी में शामिल कर सकते हैं।

**'दीर्घकालिक' प्रतिबद्धता से हमारा वास्तव में क्या तात्पर्य है? और जब हम कुछ अत्यावश्यक, एकमुश्त उत्पाद दान करना चाहते हों, तो क्या करना चाहिए?**
आपातकालीन स्थितियों को छोड़कर, अधिक प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए परोपकार के संदर्भ में दीर्घकालिक प्रतिबद्धताओं का पक्ष लेना हमेशा बेहतर होता है। प्रभावी बदलाव लाने के लिए आम तौर पर तीन से पाँच साल की भागीदारी आवश्यक है।

**क्या हम ऐसे आपूर्तिकर्ताओं से गरीबी से लड़ने वाले संगठन द्वारा आयोजित धन उगाहने वाले उत्सव के लिए टिकट खरीदने के लिए कह सकते हैं, जिसके साथ हम वर्षों से काम कर रहे हैं?**
जब तक यह आपूर्तिकर्ता ऐसा न हो, जिसके साथ हम पहले से ही परोपकारी गतिविधियों में शामिल हैं, इसकी अनुमति नहीं है: भले ही आप समझाते हों कि इसकी कोई बाध्यता नहीं है, वे शायद अच्छे व्यवसायिक संबंध बनाए रखने के लिए टिकट खरीदने के लिए बाध्य महसूस करेंगे।

परिचय
नैतिक सिद्धांत
मानवाधिकार
आवाज उठाएं

व्यवसाय के रूप में

नियोक्ता के रूप में

ज़िम्मेदार संगठन के रूप में

संपर्क

# ज़िम्मेदार पैरवी को बढ़ावा देना

L'Oréal राजनीतिक दलों, राजनेताओं या संबंधित संस्थानों को वित्तीय या वस्तु के रूप में योगदान नहीं देता है। हालांकि, कॉस्मेटिक उद्योग में एक नेतृत्वकर्ता के रूप में L'Oréal का मानना है कि सक्रिय होना और उन देशों में सार्वजनिक नीति निर्णय लेने की प्रक्रिया में भाग लेना उसका कर्तव्य है, जहाँ इसका परिचालन होता है।

L'Oréal राजनीतिक प्रक्रिया में व्यक्तियों के रूप में भाग लेने के अपने कर्मचारियों के अधिकार का सम्मान करती है, जब तक कि वे सुनिश्चित करते हैं कि ऐसा करने में, वे कंपनी का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं या उन्हें ऐसा करने के लिए नहीं माना जा सकता है।

### हम ऐसा करेंगे

- ✓ हमारे मुख्य पदों पर पारदर्शी ढंग से संवाद करना।
- ✓ पैरवी की सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को अपनाने का समर्थन करना, विशेष रूप से उन पेशेवर संघों के भीतर, जिनके हम सदस्य हैं।
- ✓ स्पष्ट रूप से यह निर्दिष्ट करना कि अगर हम व्यक्तिगत राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेते हैं, तो हम L'Oréal का किसी भी तरह से प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।
- ✓ अगर राजनीतिक गतिविधियों में हमारी भागीदारी हमें L'Oréal में अपने कर्तव्यों को पूरा करने से रोक सकती है या हमारे व्यक्तिगत राजनीतिक विचारों और L'Oréal के विचारों के बीच भ्रम पैदा कर सकती है ('हितों के टकराव के बारे में खुलकर बात करना' अध्याय देखें), तो हमारे प्रबंधक से बात करना।

### हम ऐसा नहीं करेंगे

- ✗ अवैध तरीकों से जानकारी एकत्र करना और जानबूझकर पक्षपाती जानकारी का संचार करना।
- ✗ हमारे देश और हमारे इकाई प्रबंधक के स्पष्ट प्राधिकरण के बिना स्थानीय, राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय नियमों के संबंध में सार्वजनिक प्राधिकरणों और/या राजनीतिक रूप से नियुक्त और निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ चर्चा में शामिल होना और पैरोकार का रजिस्टर उपलब्ध होने पर उसमें पंजीकृत होना।
- ✗ कार्यस्थल का उपयोग राजनीतिक मंच के रूप में करना।

## आचरण में नैतिकता

2014 में, L'Oréal ने Transparency International फ्रांस के सात अन्य सदस्यों के साथ पैरवी पर आम कथन की शुरुआत की और उस पर हस्ताक्षर किए।

## आप कैसे काम कर सकते हैं?

**हमारी ज़िम्मेदार पैरवी नीति और हमारा व्यावहारिक मार्गदर्शिका हमारा भ्रष्टाचार रोकने का तरीका पढ़ें।** ऐसी विशिष्ट नीतियां हो सकती हैं, जो आपकी गतिविधि या आपकी संस्था पर लागू होती हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने कॉर्पोरेट मामलों के निदेशक से संपर्क करें।

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**वास्तव में 'पैरवी' क्या है? जब हम मीडिया में इसके बारे में सुनते हैं, तो इसकी हमेशा अच्छी प्रतिष्ठा नहीं मानी जाती है।**

पैरवी एक ऐसी गतिविधि है, जिसमें हमारी गतिविधियों को प्रभावित करने वाली नीतियों और विनियमों से संबंधित सार्वजनिक नीति निर्णय लेने की प्रक्रिया में योगदान करना शामिल है, जिससे कि सार्वजनिक निर्णयकर्ता यह समझ सकें कि ये नियम हमें कैसे प्रभावित कर सकते हैं। L'Oréal नियमित रूप से नीति निर्माताओं के साथ उन विषयों पर संवाद करता है, जो सूचित करने और शिक्षित करने के लिए समूह के लिए महत्वपूर्ण हैं। L'Oréal सभी प्रासंगिक लागू कानूनों, नीति संहिताओं और मानकों का कड़ाई से सम्मान करता है और हम उम्मीद करते हैं कि हमारी ओर से काम करने वाले हमारे तृतीय पक्ष भी उनका सम्मान करें।

**मेरी बहन अपने क्षेत्र में राजनीतिक कार्यालय के लिए काम कर रही है। पिछले पारिवारिक दोपहर के भोजन के दौरान, उसने पूछा कि क्या मैं अगले सप्ताह के अंत में फ़्लायर वितरित करके उसकी मदद कर सकता हूँ और क्या L'Oréal उसके अभियान शुल्क का आर्थिक रूप से समर्थन कर सकता है। जैसा कि वह वास्तव में समर्पित है, मैं उसकी मदद करना चाहता हूँ। धन जुटाने के लिए मैं आंतरिक रूप से किससे संपर्क कर सकता हूँ?**

L'Oréal किसी भी राजनीतिक दल या राजनीतिज्ञों, यहाँ तक कि महत्वाकांक्षी लोगों को भी किसी भी प्रकार का योगदान नहीं देता है। अपने खाली समय के दौरान, आप अपनी बहन की राजनीतिक गतिविधियों का समर्थन तब तक कर सकते हैं, जब तक आप यह स्पष्ट कर देते हैं कि आप L'Oréal की ओर से ऐसा नहीं करते हैं और न ही कंपनी के संसाधनों (पेपर, प्रिंटर, ईमेल, आदि) का उपयोग करते हैं। ध्यान रहे कि कार्यालय कोई राजनीतिक मंच नहीं है।

**मैं अपने स्थानीय नगर परिषद में भाग लेना चाहता हूँ। लेकिन मुझे डर है कि कंपनी के भीतर मेरे साथ अलग ढंग से व्यवहार किया जाएगा। क्या मुझे अपने प्रबंधक से इसके बारे में खुलासा करना चाहिए?**

L'Oréal राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेने के आपके अधिकार का सम्मान करती है। आप अपने व्यक्तिगत राजनीतिक विचारों या अपने राजनीतिक योगदान की पसंद से प्रभावित नहीं होंगे। आपको यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि यह आपकी व्यक्तिगत क्षमता में है और इसमें कंपनी शामिल नहीं है। जब तक यह राजनीतिक योगदान आपको L'Oréal में अपना काम पूरा करने से नहीं रोकेगा, आपको अपने प्रबंधक से इसके बारे में खुलासा करने की आवश्यकता नहीं है। अगर आपके राजनीतिक विचारों या राजनीतिक योगदानों के कारण आपके साथ अलग व्यवहार किया जा रहा है, तो कृपया आवाज़ उठाएं।

# ज़िम्मेदार कर नागरिक बनना

हम एक ज़िम्मेदार संगठन बनना चाहते हैं और उन सभी देशों में करों का उचित हिस्सा देना चाहते हैं, जिनमें हम काम करते हैं। इसका मतलब है ईमानदारी से कर कानूनों का पालन करना और सभी स्थानीय और राष्ट्रीय करों का पूरा भुगतान करना। इसका मतलब हमारी कर कार्यनीति के बारे में **पारदर्शी** होना भी है, जिसमें यह भी शामिल है कि हम कर जोखिमों का प्रबंधन कैसे करते हैं और कर योजना के प्रति हमारा दृष्टिकोण क्या है।

## हम ऐसा करेंगे

- ✓ अपनी कर घोषणा को पूरा करना और समय सीमा तक हमारे करों का भुगतान करना।
- ✓ **पारदर्शिता** और **सम्मान** के आधार पर कर और सीमा-शुल्क अधिकारियों के साथ रचनात्मक संबंध स्थापित करना और बनाए रखना।
- ✓ धोखाधड़ी-रोधी और चोरी-रोधी नियमों के बारे में सतर्क रहना।
- ✓ आर्थिक वास्तविकता, परिचालन उद्देश्यों और लागू कानूनों के अनुसार वैध रूप से सबसे अधिक प्रासंगिक कर उपचार लागू करना।

## हम ऐसा नहीं करेंगे

- ✗ हमारे कर दायित्वों से बचना या उससे बचने के उद्देश्य से किसी भी आक्रामक या कृत्रिम कर योजना में शामिल होना।
- ✗ ऐसे कर सलाहकारों से सहभागिता करना, जो हमारे नैतिक कर मानकों से अनभिज्ञ हैं।

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**अगर कोई आपूर्तिकर्ता हमें बिक्री कर (VAT) का भुगतान करने से बचाने के लिए किसी तीसरे देश के माध्यम से कागज़ी कार्रवाई को फिर से करने की पेशकश करता है, तो क्या हम "हाँ" कह सकते हैं?**

हमें "नहीं" कहना होगा। हमारे कर दायित्वों को पूर्ण रूप से पूरा करने से बचने का कोई भी प्रयास अनैतिक है (और शायद अवैध भी है)।

**अगर हमें पता चलता है कि हमने कुछ साल पहले कर घोषणा में कोई त्रुटि की थी, जिससे उस समय हमारा कर खर्च कम हो गया था, तो क्या हमें कर अधिकारियों को बताना चाहिए?**

हम कर अधिकारियों की नज़र में भरोसेमंद बने रहना चाहते हैं। इसके बारे में अपने वित्त निदेशक, देश के कर निदेशक, और क्षेत्रीय कर निदेशक से बात करें, ताकि वे जाँच सकें कि क्या यह वास्तव में त्रुटि है, और अगर ऐसा है, तो यह तय करें कि कर अधिकारियों से कैसे संपर्क करें और साथ ही यह तय करें कि यह सुनिश्चित करने के लिए कौन से कदम उठाने हैं कि यह त्रुटि भविष्य में फिर से न हो।

**हमारे कुछ व्यवसायिक भागीदारों की उनकी कर नीतियों के कारण आलोचना की गई है। हम उनके साथ काम करना क्यों जारी रखते हैं?**

हम ऐसे व्यवसायिक भागीदारों के साथ काम करना चाहते हैं, जो हमारे नैतिक मानकों को साझा करते हैं। जब हमारे किसी व्यवसायिक भागीदार की आक्रामक कर नीति के कारण आलोचना की जाती है, तो हम इसकी बारीकी से निगरानी करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि हम किसी भी तरह से अप्रत्यक्ष रूप से उनके व्यवहार में योगदान न दें। अगर हमें उचित लगता है, तो हम उनसे इस बारे में चर्चा भी कर सकते हैं।

## आचरण में नैतिकता

कुछ तथाकथित 'टैक्स हेवन' देशों में हमारी उपस्थिति परिचालन संबंधी कारणों से उचित है, कर उद्देश्यों के लिए नहीं।

## आप कैसे काम कर सकते हैं?

L'Oréal का टैक्स चार्टर पढ़ें।
ऐसी विशिष्ट कर नीतियां हो सकती हैं, जो आपकी गतिविधि या आपकी संस्था पर लागू होती हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने कर प्रबंधक या CFO से संपर्क करें।

परिचय
नैतिक सिद्धांत
मानवाधिकार
आवाज उठाएं

व्यवसाय के रूप में

नियोक्ता के रूप में

ज़िम्मेदार संगठन के रूप में

संपर्क

# संपर्क

**प्रकाशक:**
समूह का नैतिकता, जोखिम और अनुपालन विभाग
L'Oréal

**मुख्यालय:**
41, rue Martre
92117 CLICHY CEDEX
France

**पंजीकृत कार्यालय:**
14, rue Royale
75008 PARIS
France

एथिक्स इंट्रानेट साइट को एक्सेस करने के लिए ethics.loreal.wans पर जाएं

चिंता व्यक्त करने के लिए lorealspeakup.com पर जाएं

**डिज़ाइन:**
Given Agency
www.givenagency.com

**फरवरी 2023**

नैतिक नीति संहिता

चतुर्थ संस्करण

# हमारा काम करने का तरीका

L'ORÉAL